CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 183 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 26 जुलाई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

# स्कूलों को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल की हाई लेवलमीटिंग

## जिला कलेक्टर, शिक्षा विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से की बातचीत और प्रदेश में एक भी जर्जर स्कूल की बिल्डिंग जर्जर ना हो इसके लिए अधिकारियों को किया पाबंद

## लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी, स्कूल हादसे के बारे में वीडियो जारी करके भजन लाल शर्मा ने किया दुख प्रकट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के झालावाड़ जिले के मनोहर थाना इलाके के पीपलोदी गांव में सरकारी स्कूल में हुए हादसे से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इतने दुखी हुए हैं कि उन्होंने खुद इस संदर्भ में वीडियो जारी करके अपना दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया है और कहा है कि भविष्य में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि इस तरह की दुखद घटनाएं दोबारा ना हो वीडियो में अपने शोक संदेश में भजनलाल ने कहा है कि इस हादसे को लेकर उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया है, पूरे प्रदेश की स्कूलों की वस्तु स्थिति की जांच रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है और संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि प्रदेश में एक भी स्कूल का भवन जर्जर ना हो इसके लिए त्वरित गति से काम करने को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है और इस काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है उन्होंने वीडियो संदेश में कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरी सरकार और प्रदेश की जनता पीड़ित परिवारों के साथ है जो नुकसान पीड़ित परिवारों को हुआ है उसकी भरपाई होना तो मुश्किल है लेकिन सरकार हर संभव पीड़ित परिवारों की सहायता करेगी । जानकारी के अनुसार जैसे ही स्कूल हादसे के बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जानकारी मिली एक पल के लिए वे इस हादसे की खबर सुनकर काफी विचलित और द्रवित हो गए और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े और तुरंत घटनास्थल पर जाने का कार्यक्रम भी बनाने लगे थे लेकिन यह जानकर कि प्रदेश में बरसात का दौर जारी है और कहीं इसी तरह का हादसा और किसी जगह पर ना हो जाए इसके लिए उन्होंने तुरंत हाई लेवल मीटिंग आयोजित करने का निर्णय लिया और उन्होंने उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांशु पंत को जल्दी से जल्दी मीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर, शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत कर उन्हें अपने-अपने जिलों में सरकारी स्कूलों की वस्तु स्थिति की संपूर्ण जानकारी से अवगत करवाने और जिन स्कूलों के भवन जर्जर हैं उन स्कूलों की मरम्मत और सुधार के लिए त्वरित गति से काम करने के निर्देश दिए और अधिकारियों को इस बात के लिए पाबंद किया कि अगर इस काम में किसी की लापरवाही सामने आएगी तो उसके खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई भी कर सकती है, अलग-अलग विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करके मुख्यमंत्री भजनलालशर्मा ने साफ कहा है कि भविष्य में इस तरह की घटना ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए



### मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय जांच कमेटी का किया गठन

झालावाड़ जिले में हुए स्कूल हादसे की जांच को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया है जिसमें झालावाड़ जिला परिषद के सीईओ मनोहर थाना के एसडीएम और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता को शामिल किया गया है, यह जांच कमेटी जल्दी से जल्दी इस घटना से जुड़े सभी तथ्यों की बारीकी से जानकारी हासिल करेगी, इस भवन का निर्माण कब हुआ था, किसी एजेंसी के तहत इस भवन का निर्माण हुआ कितने पैसे खर्च किए गए, भवन निर्माण के बाद भवन के प्रमाणीकरण के सर्टिफिकेट इत्यादि के बारे में भी कमेटी जांच करेगी तथा भवन निर्माण की सामग्री और ठेकेदार के बारे में भी कमेटी को पूरी रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है तथा क्या भवन के जर्जर होने के बारे में स्कूल प्रशासन से जुड़े लोगों की ओर से पहले कोई शिकायत उच्च अधिकारियों के पास दी गई थी और अगर उच्च अधिकारियों के पास शिकायत दी गई तो फिर शिकायत को गंभीरता से क्यों नहीं लिया गया, इन तमाम तथ्यों के बारे में जांच कमेटी को पूरी रिपोर्ट तैयार करनी होगी, फिलहाल शिक्षा विभाग की ओर से प्रारंभिक जांच की प्रक्रिया में स्कूल के प्रिंसिपल और दो अन्य अध्यापकों को सस्पेंड कर दिया गया है तथा एक प्रबोधक को भी सस्पेंड किया गया है ।

### प्रदेश सरकार पहले ही सरकारी स्कूलों की वस्तु स्थिति को लेकर जारी कर चुकी हैअलर्ट

बरसात के इस मौसम में इस बार मानसून समय पर आ गया था और पूरे प्रदेश भर में बारिश का दौर बना हुआ था इसलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पहले ही प्रदेश के सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था और इसके लिए जिला कलेक्टर और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करके यह सुनिश्चित करने को कहा गया था कि जहां-जहां जर्जर स्कूल भवन हो उन स्कूल भवनों को ध्वस्त किया जाए इसके लिए बाकायदा नगर निकायों को भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया था, पीपलोदी गांव की स्कूल में जो हादसा हुआ है वहां पर उस स्कूल में बरसात की वजह से पानी भरने की समस्या बनी हुई थी इसलिए स्कूल के कमरों की दीवार कमजोर होने की वजह से यह हादसा हुआ, अब यह जांच का विषय है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बरसात की वजह से जब स्कूल में जल भराव की समस्या बनी हुई थी तो वहां पर तैनाद अध्यापकों ने इसके संबंध में अपने से उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी या नहीं और अगर शिकायत भेजी तो फिर कुछ अधिकारियों की ओर से कार्रवाई क्यों नहीं की गई ।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ की प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को नसीहत

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ शुक्रवार को दिल्ली में थे लेकिन जैसे ही उन्हें इस हादसे के बारे में जानकारी मिली उन्होंने तुरंत सरकार से जुड़े लोगों से संपर्क किया और इस घटना के बारे में पूरी जानकारी जुटा तथा पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने के लिए भी सरकार से कहा और राठौर ने भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं को मौके पर जाकर पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद करने की बात भी कहीं मदन राठौड़ ने दिल्ली से ही अपने प्रेस बयान में कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है, दुख की इस घड़ी में सभी लोगों को मिलकर पीड़ित परिवारों को सांत्वना देनी चाहिए लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता दुख की इस घड़ी में भी राजनीति कर रहे हैं जो ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार और प्रदेश भाजपा दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है सरकार हर संभव पीड़ित परिवारों की मदद करेगी और घायलों के इलाज के लिए भी चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है घायलों के इलाज में किसी भी तरह के लापरवाही नहीं हो और घायलों को अच्छा सा अच्छा इलाज मिले इसके लिए सरकार की ओर से अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया गया है उन्होंने कहा है कि इस पूरे मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है और दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना दोबारा से ना हो इसके लिए भी संबंधित विभागों को चेतावनी भरे लहजे में हिदायत दी गई है ।

### *राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षा डायरेक्टरऔर पुलिस अधीक्षक से यह सवाल जवाब और दिए आवश्यक निर्देश*

*राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी पीपलोदी गांव में हुए स्कूल हादसे के बारे में जिला कलेक्टर जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षा विभाग के डायरेक्टर जिला पुलिस अधीक्षक से सवाल जवाब किए हैं और इस पूरे मामले में रिपोर्ट पेश करने को कहा है तथा पीड़ित परिवारों को आर्थिक मुआवजा देने की बात भी कही है घ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे ने भी इस घटना को लेकर गहरा दुख जताया है तथा प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों की बिल्डिंग की सुरक्षा को और मजबूत करने की बात कहते हुए दोबारा से इस तरह की घटना ना हो इसके लिए सरकार को जरूरी प्रबंध करने को कहा है ।*

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में दीया कुमारी के निर्देशन में वृहद् स्तर पर मनाया जाएगा तीज महोत्सव





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी जयपुर में इस वर्ष तीज महोत्सव को वृहद् स्तर पर आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संरक्षण एवं उप मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दीया कुमारी के निर्देशन में यह दो दिवसीय आयोजन 27 एवं 28 जुलाई को होगा। इस आयोजन को लेकर पर्यटन विभाग, नगर निगम, पुलिस, चिकित्सा, विद्युत, जलापूर्ति, वन विभाग सहित विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय से तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तीज महोत्सव केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं और लोक जीवन का जीवंत उत्सव है। उन्होंने आयोजन की भव्यता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही है। तीज माता की शोभायात्रा सिटी पैलेस से त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए पौण्ड्रिक पार्क तक जाएगी। इस बार शोभायात्रा में लोक कलाकारों की संख्या 150 से बढ़ाकर 250 कर दी गई है और लवाजमें में हाथी, ऊंट, घोड़े, पालकियां, विक्टोरिया बग्गी शामिल होंगे। विशेष रूप से ड्रोन से पुष्पवर्षा भी की जाएगी। छोटी चौपड़ पर इस बार पहली बार वीवीआईपी मंच बनाकर तीज माता की पूजा आयोजित होगी। वहीं, पौण्ड्रिक पार्क में महिलाओं के लिए विशेष क्राफ्ट एवं फूड बाजार, मेहंदी मंडप, झूले, और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। पर्यटकों की सुविधा हेतु हिन्द होटल की टैरेस एवं बरामदों में करीब 1500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जयपुर की प्रमुख LED स्क्रीनों और राज्य स्तर पर DOIT के माध्यम से किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस, जेल व आरएसी बैंड, पर्याप्त पुलिस बल, चिकित्सा वाहन, पशु चिकित्सक, और नागरिक सुरक्षा टीम तैनात रहेगी। नगर निगम को सड़क मरम्मत, पेड़ों की छंटाई, साफ-सफाई एवं रंगोली सजावट के निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग द्वारा 'हरियालों राजस्थान' अभियान के तहत पौण्ड्रिक पार्क में पौधारोपण भी किया जाएगा। यह महोत्सव नारी शक्ति, लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था का संगम बनकर जयपुरवासियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनने जा रहा है।

## दिल्ली एनसीआर में सरस उत्पादों की बिक्री के लिए नई कार्ययोजना तैयार



### डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ की बैठक, बीकानेर हाउस में खुलेगा सरस पार्लर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/नई दिल्ली(कासं.)** राजस्थान को डेयरी उत्पादों के क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से आरसीडीएफ द्वारा दिल्ली-एनसीआर में सरस उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इस दिशा में स्वयं राज्य के डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत नई दिल्ली पहुंचे और शुक्रवार को घी एवं अन्य उत्पादों के डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। मंत्री कुमावत ने बताया कि दिल्ली के मंगोलपुरी क्षेत्र में 11 जुलाई से सरस डिपो की शुरुआत की जा चुकी है, जहां 20 टन घी सहित अन्य उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। साथ ही डिपो के पास ही सरस का एक नया आउटलेट भी खोला गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बीकानेर हाउस में शीघ्र ही एक सरस पार्लर स्थापित करने की योजना पर कार्य हो रहा है। बैठक में उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स को आकर्षक ऑफर्स देने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सरस के आवासीय प्रबंधक सुरेश कुमार सेन सहित अनेक प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटर्स उपस्थित रहे।

## जयपुर एयरपोर्ट पर दो विमानों की तकनीकी खराबी, एयर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एक के बाद एक दो फ्लाइटों में तकनीकी खामियां सामने आईं, जिनमें से एक एअर इंडिया की फ्लाइट AI-612 की मिड एयर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यह फ्लाइट जयपुर से मुंबई के लिए रवाना हुई थी, लेकिन टेकऑफ के मात्र 18 मिनट बाद पायलट को कार्गो गेट खुला होने का संकेत मिला। सावधानी बरतते हुए पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी और तुरंत फ्लाइट को वापस जयपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया। यह विमान एयरबस A320 नियो था। एयर इंडिया की तकनीकी टीम ने जांच के बाद खराबी को ठीक कर दिया और शाम 4.29 बजे फ्लाइट पुनः मुंबई के लिए रवाना हुई। हालांकि, एअर इंडिया की ओर से कोई आधिकारिक बयान अब तक जारी नहीं किया गया है। उधर, इंडिगो एयरलाइंस की जयपुर-चंडीगढ़ फ्लाइट 6E-7516 में भी तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। दोपहर 1.45 बजे रवाना होने वाली फ्लाइट स्टार्ट होते ही तकनीकी खामी के कारण होल्ड पर रखी गई। इंडिगो की इंजीनियरिंग टीम ने डेढ़ घंटे में मरम्मत पूरी कर ली, जिसके बाद विमान दोपहर 3.25 बजे चंडीगढ़ के लिए रवाना हुआ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नया कीर्तिमान बना

### भारत का लगातार दूसरे नंबर पर सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री बनने का गौरव किया हासिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** 25 जुलाई का दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके करोड़ों समर्थकों के लिए उस समय यादगार बन गया जब हिंदुस्तान का सबसे लंबे समय तक दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री बने रहने का उन्हें गौरव हासिल हुआ, 25 जुलाई के उगते सूरज के साथ ही नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने 4078 दिन पूरे कर लिए जो अबतक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के पद पर सबसे ज्यादा दिन तक रहने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बने रहने का कीर्तिमान है अब से पहले यह कीर्तिमान स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नाम था जिन्होंने भारत के



प्रधानमंत्री के रूप में 4077 दिन बीते लेकिन शुक्रवार को 25 जुलाई के दिन नरेंद्र मोदी ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी का यह कीर्तिमान तोड़ दिया है

राजनीतिक विश्लेशको का कहना है कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने भारत को हर तरह से दुनिया के नक्शे पर सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है जिसकी वजह से दुनिया भर में भारत को सम्मान की निगाहों से देखा जाता है और लोकप्रियता के मामले में दुनिया भर में नरेंद्र मोदी पहले स्थान पर आ गए हैं इसलिए राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि कोई बड़ी बात नहीं अगले लोकसभा चुनाव में भी नरेंद्र मोदी की अगवाई में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों को साथ लेकर चुनाव लड़े तो सफलता मिल सकती है और नरेंद्र मोदी लगातार चौथी बार भारत के प्रधानमंत्री बनकर पंडित जवाहरलाल नेहरू का भी रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं ।

जानकारी के अनुसार मोदी से पहले स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने 24 जनवरी 1962 से 24 मार्च 1977 तक प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त, इस तरहसे इंदिरा गांधीने 4077 दिन तक प्रधानमंत्री के रूप में पोस्टेडरही लेकिन 25 जुलाई 2025 के दिन की शुरुआत के साथ ही इंदिरा गांधी का यह कीर्तिमान नरेंद्र मोदी ने तोड़ दिया नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं और उनके नाम कई तरह की उपलब्धियां पहले से ही दर्ज हैं, नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो आजादी के बाद पैदा हुए हैं।

और अब मोदी हिंदुस्तान के सबसे अधिक लंबे समय तक दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री रहने वाले शख्स बन गए हैं, मोदी फिलहाल विदेश यात्रा पर हैं लेकिन उनके इस नए कीर्तिमान से मोदी के करोड़ों समर्थकों में खुशी की लहर छा गई है भारतीय जनता पार्टी में भी मोदी की इस उपलब्धि पर खुशी का माहौल है भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने देशभर में मोदी की इस उपलब्धि पर एक दूसरे को मिठाई खिलाई कई जगहों पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भाजपा के कार्यालय में ढोल नगाड़ों के साथ गीत गाकर खुशी जाहिर की

*मोदी ने 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी और फिर 2014 से लेकर अब तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं इस तरह से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने 24 साल पूरे कर लिए हैं जो भारत के किसी भी प्रधानमंत्री के रूप में उनका यह नया रिकॉर्ड है इसके अलावा गैर हिंदी राज्य से ताल्लुक रखने वाले मोदी पहले प्रधानमंत्री बने हैं यह भी एक उनका कीर्तिमान है*

*जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले लोकसभा चुनाव में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली अब हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में ज्यादा दिन तक नियुक्त होने का रिकॉर्ड पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम दर्ज हैं ।*

*पंडित जवाहरलाल नेहरू ने वर्ष 1947 से 1964 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे, 16 साल 286 दिन तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करके नेहरू सबसे आगे हैं, नरेंद्र मोदी ने लगातार विधानसभा और लोकसभा के 6 चुनाव जीतने का गौरव भी हासिल किया है जो देश के किसी भी प्रधानमंत्री के लिए यह रिकॉर्ड है, ऐसे अनेकों कीर्तिमान नरेंद्र मोदी के अकाउंट में दर्ज हैं ।*

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
26 जुलाई, 2025

# पत्रकारिता के माध्यम से आमजन की सेवा करना पत्रकार का कर्तव्य- महंत प्रकाशदास महाराज

### श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी का पत्रकार सम्मान समारोह हुआ आयोजित

### उपशाखा की कार्यकारिणी का किया गठन





जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** शुक्रवार को कस्बे के ठिकाना गंगाबाग में श्रमजीवी पत्रकार संघ उपशाखा राजगढ़-रैणी के पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन ठिकाना गंगाबाग के महंत प्रकाशदास महाराज के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बृजवासी गौरक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज व सर्व समाज जागृति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत प्रकाशदास महाराज ने कहा कि आज पत्रकारों को एकसाथ होकर एक मंच के नीचे आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पत्रकारिता के माध्यम से आमजन की सेवा करना, जनता की समस्याओं को अधिकारीयों के समक्ष निष्पक्ष रूप से रखना पत्रकार का कर्तव्य है उन्होंने कहा कि चौथे स्तंभ के बिना समाज अधूरा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा ने पत्रकारों को कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने तथा पत्रकारों की समस्याओं के लिए हमेशा साथ निभाने की बात कही। कार्यक्रम में सर्व समाज जागृति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने सभी पत्रकारों को कलम की ताकत की महत्ता के बारे में बताया वही समारोह में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चंदशेखर शर्मा के निर्देशन में सभी पत्रकारों द्वारा पत्रकार राजकुमार गुप्ता को श्रमजीवी उपशाखा राजगढ़-रैणी पत्रकार संघ का अध्यक्ष चुना गया वही संरक्षक मंडल में देशबंधु जोशी, उपाध्यक्ष नागपाल शर्मा व राजेंद्र मीना, महासचिव रतन तिवाड़ी, सचिव महेंद्र मीना, प्रवक्ता विष्णु शर्मा, संगठन मंत्री अमन जैन, मीडिया प्रभारी रामरतन मीना, डी सी मीना, नेमी नीमला, रितिक शर्मा, विधि सलाहकार नेहपाल सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा तथा विशेष आमंत्रित सदस्य अखिलेश वशिष्ठ, जे.पी. वर्मा, राकेश शर्मा को बनाया गया। सभी सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पत्रकार रमेश चंद शर्मा, कौशल शर्मा, गोपेश धारवाल, राजेश गुप्ता, राजेश शर्मा, शक्ति सिंह प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, अमन जैन,राजेंद्र मीना, नागपाल शर्मा,महेंद्र मीना, रामरतन मीना, डी सी मीना, नेमी नीमला, विष्णु शर्मा, जितेंद्र सेतिया, रतन तिवाड़ी, पुष्पेन्द्र शर्मा, मनोज वर्मा, देशबंधु जोशी, प्रदीप शर्मा,जयराम सैनी, सचिन शर्मा, रितिक शर्मा, श्याम सुंदर साहू, राज अग्रवाल, नेहपाल सिंह, अखिलेश वशिष्ठ, जयप्रकाश जोशी, रमेश मीना, राकेश तंवर, पुष्पेन्द्र शर्मा, मनोज कुमार वर्मा, मोना शर्मा आदि पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया मंच संचालन राजकुमार गुप्ता ने किया

## व्यक्ति जब सौभाग्यशाली होता है उसके घर कन्या का जन्म होता है - संत डॉ. शिवम साधक महाराज



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावर धर्मशाला में चल रही श्री शिव महापुराण की कथा में कथा वाचक संत डॉ शिवम साधक महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान की विशेष कृपा होती है तो लक्ष्मी के स्वरूप में ही हमारे घर में कन्या का जन्म होता है। जिस प्रकार से पुत्र के जन्म होने पर हम सब उत्साहित होते हैं उससे भी ज्यादा कन्या के जन्म होने पर हमें उत्साह मानना चाहिए, क्योंकि कन्या कुछ लेने के लिए नहीं साक्षात लक्ष्मी के रूप में जन्म लेती है, उसी दिन से हमारा भाग्य सौभाग्य में बदल जाता है। संत ने कथा सुनाते हुए कहा कि कन्या हमारे घर में पधारी है ऐसा हमें मानकर उत्सव करना चाहिए। जिस प्रकार से पार्वती जी के जन्म का उत्सव पंडाल में मनाया गया, जिससे पूरा पंडाल आनंद से झूम उठा। पार्वती जी का चरित्र विस्तार से सुनाते हुए संत महाराज ने कहा कि राजा हिमाचल के यहां नारद जी पधारे और नारद जी का दर्शन पार्वती जी को हिमाचल जी ने कराया। कभी भी घर में जब संत पधारे तो बच्चों को बड़ों को सबको संत का दर्शन करना चाहिए। संत दर्शन से ही मानव का कल्याण हो सकता है। नारद जी ने पार्वती जी के भाग्य का वर्णन करते हुए कहा की पार्वती जी अगर भगवान शिव की आराधना करें तो साक्षात शिव ही पति रूप में इनको प्राप्त होंगे। कथा आरती पश्चात सभी भक्तगणों को प्रसाद वितरित किया गया।

## अंडर 19 प्रतियोगिता के लिए टीम चयन ट्रायल कल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अलवर टीम के चयन के लिए ट्रायल 27 जुलाई रविवार को एल आई ई टी लॉर्ड्स मैदान चिकानी रोड अलवर में आयोजित की जाएगी। अतः जो खिलाड़ी चयन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है वो अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 27 जुलाई रविवार को सुबह 7 बजे लॉर्ड्स अकैडमी चिकानी पर पहुँच कर ट्रायल दे सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने सभी ओरिजिनल दस्तावेजों के साथ साथ सभी दस्तावेज़ों की फोटोकॉपी भी साथ लाना अनिवार्य है इस ट्रायल में वो ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 सितंबर 2006 या उसके बाद हुआ हो। इच्छुक खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए अपने साथ डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र, डिजिटल मूलनिवास, अंतिम 3 साल की मार्कशीट, स्वयं का आधार कार्ड और माता पिता का आधारकार्ड लाना अनिवार्य है।

## राजकीय महाविद्यालय के सामने छात्र-छात्राओं ने किया विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**लोसल(निस)।** कस्बे के कोटपूतली-कुचामनसिटी रोड़ पर स्थित राजकीय महाविद्यालय लोसल में छात्र-छात्राओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने राजकीय महाविद्यालय लोसल के प्रवेश द्वार पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर गेट पर ताला लगाकर बैठ गए। महाविद्यालय की प्राचार्य को भी विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन के चलते कॉलेज गेट के बाहर ही बैठना पड़ा।कॉलेज के विद्यार्थियों ने नारेबाजी करते हुए बताया कि हमारी जो मुख्य मांगे है उनमें कॉलेज की बिल्डिंग को पहले सही तरह निर्माण किया जाए। क्योंकि बारिश के समय सम्पूर्ण कॉलेज भवन पानी से टपकता रहता है। ठेकेदार लापरवाही से कॉलेज भवन का निर्माण बेहद घटिया सामग्री से किया गया जिसके कारण ये विद्यार्थियों के बैठने लायक भी नही है। छात्र नेताओं ने कॉलेज में छात्र संघ चुनाव की मांग, कॉलेज व बाहर स्टेट हाइवे की होटलों में अनैतिक गतिविधियों पर कार्रवाई, कॉलेज में खेल ग्राउंड व चारदीवारी के निर्माण की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने धरना प्रदर्शन किया।

## ऋषिकुल विद्यापीठ में पौध वितरण



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** श्री ऋषिकुल विद्यापीठ में शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत बालोद्यान प्रांगण में प्राचार्या डॉ रेखा शर्मा की निर्देशन में स्काउट मास्टर बनवारी लाल मील के नेतृत्व में स्काउट-गाइड टीम की ओर से पौधारोपण किया गया और उपस्थित विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए।स्काउट-गाइड के सदस्यों ने न केवल पौधे लगाए बल्कि उनकी नियमित देखभाल व संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। इस मौके पर ऋषिकुल विद्यापीठ का सम्पूर्ण स्टाफ मौजूद रहा और सभी ने पर्यावरण संरक्षण की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## रोटरी क्लब अलवर ने मनाया 'तीज सिंजारा' उत्सव

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर का 'तीज सिंजारा' महोत्सव ऋतम्भरा रिजॉर्ट कटी घाटी में मनाया गया। तीज उत्सव का शुभारंभ रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 की प्रथम महिला गवर्नर निशा शेखावत, रोटरी क्लब अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल, सचिव ऋषि मित्तल, अस्सिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष के के खंडेलवाल, नीरज जैन, सुरेश गोयल, प्रमोद आर्य, ललित कुमार, सुरेश गुप्ता, जितेंद्र खुराना, ने दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। "नव कल्पना, नवरूप से रचना रची जब नारी की, सत्यम, शिवम्, सुंदरम् से शोभा बढ़ी संसार कीज" इसी शाश्वत सत्य को साकार करते हुए रोटरी क्लब अलवर की प्रतिभाशाली टीम ने श्रृंगार रस से परिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जो नारी सौंदर्य, प्रेम, उमंग और परंपरा का अनुपम संगम है। उत्सव संजोयक ममता खन्ना ने बताया कि यह प्रस्तुति ममता खन्ना, बबीता खंडेलवाल, बबीता अग्रवाल, संगीता हीरावत, साक्षी खंडेलवाल, सविता, सोनिया, नीतू, चित्रा, कविता व निशा ने दी। क्लब सचिव ऋषि मित्तल ने बताया की सभी सदस्यों व परिवार जनों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया व सभी महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगवाई। उत्सव में पारंपरिक नृत्य, खेल व गीतों का सभी सदस्यों ने आनंद लिया। अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने एम्यू बैंक का मेहंदी, सुनील गुप्ता (जॉकी) व खंडेलवाल नमकीन वालो का गिफ्ट्स के लिए आभार जताया। इस कार्यक्रम में आगामी अध्यक्ष नीलू जैन, रचना जैन, डॉ प्रवीण खंडेलवाल, प्रोफेसर चंद्रेयी आर्य, प्रोफेसर इंदिरा गुप्ता, शिप्रा वर्मा, कंचन खुराना, रावुल जैन, सरोज गुप्ता, मान्या अरोड़ा, शोभा अग्रवाल, अन्नू मित्तल, अर्चना सिंघल, वैशाली जसोरिया, सोनिया जैन, ऋतु गुप्ता, बी डी अग्रवाल, विकास गुप्ता, राजेश खंडेलवाल, ललित अग्रवाल, आशीष जैन, नरेन्द्र हीरावत, आलोक जैन, हेमेंद्र अग्रवाल, हरीश जसोरिया, आशीष खंडेलवाल, हेमंत सिंघल आदि उपस्थित थे।

## प्रशासनिक सुधार टीम ने विभिन्न राजकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

### 127 कर्मचारी मिले अनुपस्थित



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)।** शुक्रवार को प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के निर्देशानुसार उप शासन सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण सूर्य बहादुर वर्मा के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के सदस्य सहायक शासन सचिव सुनील कुमार शर्मा, अनुभागाधिकारी महेंद्र कुमार सरावता एवं सहायक अनुभागाधिकारी चेनाराम भदाला ने राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में निरीक्षण की कार्रवाई की। जिससे राजगढ़ में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान 33 राजकीय विभागों की उपस्थिति पंजिकाएं मौके पर जब्त की गई। इसमें 127 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इनमें 48 राजपत्रित अधिकारियों में से 20 अधिकारी (41.66 प्रतिशत और 279 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 107 कर्मचारी (38.35 प्रतिशत शामिल हैं। अनुपस्थित मिले सभी कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी। दल ने शुक्रवार सुबह 9.45 बजे दो टीमों में बंटकर राजगढ़ उपखंड के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने साफ-सफाई को लेकर नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण दल ने तहसील कार्यालय, उपकोष कार्यालय, रजिस्ट्री शाखा, ब्लॉक कानूनगो कार्यालय, उपखंड कार्यालय और पंचायत समिति परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके अलावा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग और सामदायिक चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया।

## रक्षाबंधन पर बीमा सुरक्षा के संकल्प की अनूठी पहल

### अलवर बना प्रेरणा का केंद्र

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला के निर्देशन में अलवर जिले में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बीमा सुरक्षा को लेकर एक अभिनव पहल रक्षा सूत्र - बीमा सुरक्षा का संकल्प" कार्यक्रम के रूप में प्रारंभ की गई है। इस निर्णय के अंतर्गत जिले के सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में यह जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से बीमा सुरक्षा के प्रति उनके परिवारों एवं समाज में जागरूकता फैलाना है। रक्षाबंधन केवल प्रेम और विश्वास का प्रतीक ही नहीं, अपितु सुरक्षा का भी वचन है। इसी भावना को बीमा सुरक्षा से जोड़ते हुए यह अभिनव कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है संयुक्त निदेशक, डॉ. संजीव कुमार दास, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, अलवर ने बताया कि यह प्रयास बच्चों को बीमा सुरक्षा के महत्व से परिचित कराने के साथ-साथ उनके माध्यम से परिवारों को आर्थिक सुरक्षा की परिधि में लाने का भी एक सार्थक माध्यम बनेगा। राखी एक प्रेम और सुरक्षा का बंधन है, और बीमा - एक परिवार की आर्थिक सुरक्षा का कवच। हमारा उद्देश्य है कि अलवर भारत का पहला ऐसा जिला बने जहाँ प्रत्येक नागरिक बीमा सुरक्षा के महत्व को समझे और अपनाए

### कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियाँ इस प्रकार

विद्यालयों की प्रार्थना सभा में बीमा जागरूकता संबंधी प्रेरणादायक संदेश एवं भाषण विद्यार्थियों द्वारा एक-दूसरे को राखी के अवसर पर रक्षा सूत्र बाँधते हुए बीमा सुरक्षा का संकल्प" दोहराना प्रत्येक छात्र को एक अतिरिक्त रक्षा सूत्र एवं संक्षिप्त बीमा संदेश पत्रक प्रदान किया जाएगा, जिसे वे अपने परिजनों को बाँधकर बीमा का संदेश देंगे विद्यालय स्तर पर "बीमा है सुरक्षा का कवच" जैसे विषयों पर पोस्टर/नारा लेखन/दीवार लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा सकेंगी कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट, फोटो एवं वीडियो ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से संकलित की जाएगी इस कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग द्वारा विद्यालयों तक पहुँचाई जाएगी, तथा समन्वय की जिम्मेदारी भी विभाग द्वारा निभाई जाएगी जिला स्तरीय बीमा समिति की अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि इस कार्यक्रम को गरिमापूर्ण एवं प्रभावी ढंग से राखी के पावन अवसर पर आयोजित करें, ताकि अधिक से अधिक परिवार बीमा सुरक्षा के दायरे में आ सकें जिससे एक सूत्र, एक संकल्प - हर घर बीमा सुरक्षित हो रक्षा सूत्र के साथ बीमा का वचन - सुरक्षा का सही बंधन हो सकेगा।

## जिला कलक्टर के निर्देश पर जिले के समस्त विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के जर्जर मकानों का होगा सघन सर्वे

### जिले में विद्युत विभाग 7 दिवस में विद्युत लाइन, विद्युत पोल इत्यादि को मापदण्डों के अनुरूप दुरूस्त कर क्षेत्रवार जारी करेंगे सर्टिफिकेट

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों, कॉलेजों व आंगनबाड़ी केंद्रों एवं जर्जर मकानों का सघन सर्वे कर क्षतिग्रस्त व जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने व उनको तत्काल वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट कराने के निर्देश दिये हैं तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को 7 दिन में जिले में ढीली विद्युत लाइन, नीचे ट्रांसफार्मर, टेडे विद्युत पोल इत्यादि को दुरुस्त करवा कर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप व्यवस्था सुचारू होने का सर्टिफिकेट जारी करने के लिए निर्देशित किया है। जिला कलक्टर के द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत मानसून से पूर्व जारी विस्तृत आदेशों के क्रम में जिला कलक्टर ने जिले में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जर्जर भवनों का तत्काल पुनः सर्वे प्रारम्भ कर जीर्ण-शीर्ण पाए गए भवनों को वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व उपखंड अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त, विकास अधिकारियों एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समस्त विद्यालयों, कॉलेजों व आंगनबाड़ी केंद्रों का तत्काल सघन सर्वे प्रारम्भ कर क्षतिग्रस्त व जीर्ण-शीर्ण भवनो को चिन्हित करने के निर्देश दिए तथा इनका उपयोग बच्चों को बैठाने व अन्य किसी भी गतिविधि में ना हो यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। जीर्ण-शीर्ण पाए गए विद्यालयों एवं आंगनबाडी भवनों से बच्चों को वैकल्पिक व सुरक्षित भवन चिन्हित कर उनमें शिफ्ट करावे। इसी प्रकार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जीर्ण-शीर्ण भवनों से भी परिवारों को शिफ्ट करावे। उन्होंने सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिये हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों में आवागमन के रास्तों को दुरूस्त करावे। उनमें जल भराव नहीं हो। उन्होंने मानसून पूर्व विद्युत विभाग को जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया है कि जिले में 7 दिन के अंदर व्यापक सर्वे के माध्यम से विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल इत्यादि को निर्धारित मापदंडों के अनुसार दुरस्त करवाकर प्रत्येक क्षेत्र के लिए दुरुस्तीकरण पूर्ण करने सर्टिफिकेट संबंधित सहायक अभियन्ता व कनिष्ठ अभियन्ता से लेकर प्रस्तुत करें। सर्वे व दुरूस्तीकरण कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

## ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने सालासर बालाजी के किए दर्शन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर शुक्रवार को जिले के सालासर आए और बालाजी मंदिर में धोक लगाई। ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने धर्मपत्नी अरूणा नागर सहित बालाजी मंदिर में दर्शन व पूजा – अर्चना की और देश– प्रदेश में खुशहाली की कामना की। सालासर बालाजी मंदिर में मांगीलाल पुजारी, जीतमल पुजारी, धर्मवीर पुजारी, यशोदा नंदन पुजारी, सत्य प्रकाश पुजारी, मनोज पुजारी सहित पुजारी परिवार ने पूजा -अर्चना करवाई और बालाजी का चित्र व दुपट्टा भेंट कर मंत्री नागर का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर आमजन ने अंचल की ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित समस्याएं बताईं, जिस पर ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने डिस्कॉम अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस मौके पर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, भंवरलाल सामोता, सविता राठी, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, नायब तहसीलदार अमरसिंह, एक्सईएन अनिल पूनिया सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



### गौशाला में गायों को खिलाया चारा, देखीं व्यवस्थाएं

इससे पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने सालासर में श्रीबालाजी गौशाला में गायों को चारा खिलाया व गौशाला में व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने गौशाला में गायों के लिए चारे, छाया, पेयजल, चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अच्छी व्यवस्थाओं के लिए सराहना की। गौशाला अध्यक्ष रवि शंकर पुजारी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इससे पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने डूंगर बालाजी मंदिर में धोक लगाई व दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने हरीतिमा ढ़ाणी में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सविता राठी, प्रकाश स्वामी, नानुदास स्वामी व नारायण स्वामी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन, दो दर्जन से अधिक छात्र नेता हिरासत में

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्रों का आक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर छात्र संगठनों ने एकजुट होकर उग्र प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने पहले यूनिवर्सिटी परिसर में धरना दिया और फिर रैली निकालते हुए जवाहरलाल नेहरू मार्ग की ओर कूच किया। पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोककर हल्का बल प्रयोग करते हुए हिरासत में ले लिया। छात्र नेता कमल चौधरी ने कहा कि सरकार तीन वर्षों से बेवजह छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगाए हुए है। "राजस्थान की भजनलाल सरकार युवाओं की आवाज को दबा रही है। छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की नर्सरी होते हैं। इन्हीं चुनावों से निकले छात्र नेता आज संसद और विधानसभा में जनता की आवाज बन चुके हैं।" उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र चुनाव बहाल नहीं किए, तो प्रदेशभर में आंदोलन उग्र होगा। छात्र नेता महेश चौधरी ने कहा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने बिना वजह लाठीचार्ज का प्रयास किया और उन्हें जबरन घसीटते हुए गाड़ियों में डाला गया। उन्होंने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। प्रदर्शन के दौरान दो दर्जन से अधिक छात्र नेताओं को हिरासत में लिया गया, जिनमें कमल चौधरी और महेश चौधरी प्रमुख हैं। इस घटना के बाद छात्र संगठनों में और अधिक रोष फैल गया है। गौरतलब है कि राज्य में पिछले तीन वर्षों से छात्रसंघ चुनाव स्थगित हैं। छात्र संगठन इस निर्णय के खिलाफ लगातार विरोध कर रहे हैं। इससे पहले भी हुस्ड्ड ने 'लोकतंत्र की विदाई' बारात, ने अशोक गहलोत की प्रतीकात्मक अंतिम यात्रा, और अन्य छात्र संगठनों ने यूनिवर्सिटी गेट पर तालाबंदी जैसे कई प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किए हैं। अब तक सरकार की ओर से चुनाव बहाली पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे युवाओं का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। छात्र संगठनों ने चेताया है कि अगर जल्द चुनाव की घोषणा नहीं हुई तो यह आंदोलन राज्यव्यापी रूप ले सकता है।

## जयपुर में 54 निष्क्रिय सरस बूथों के लाइसेंस होंगे रद्द, डेयरी ने नगर निगम को भेजी सूची

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर डेयरी ने शहर में वर्षों से बंद पड़े सरस दूध-बूथों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उनके लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष फौजदार ने बताया कि ऐसे 54 निष्क्रिय बूथों की पहचान कर ली गई है और उनकी सूची नगर निगम जयपुर को भेज दी गई है ताकि उनके लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किए जा सकें। फौजदार ने बताया कि कई लोगों ने सिर्फ आवंटन करवाकर बूथों को छोड़ रखा है। इनसे न केवल सरस उत्पादों की बिक्री प्रभावित हो रही है, बल्कि ये बूथ सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण का कारण बन रहे हैं और यातायात में बाधा भी पैदा कर रहे हैं। जयपुर डेयरी अब इन निष्क्रिय बूथों को हटाकर उनके स्थान पर नए बेरोजगार लोगों को आवंटन देने की योजना बना रही है। यह आवंटन नगर निगम के माध्यम से किया जाएगा, जिससे ईमानदार और सक्रिय लोगों को रोजगार का अवसर मिल सके। एमडी फौजदार ने बताया कि जयपुर के साथ-साथ दौसा क्षेत्र में भी निष्क्रिय बूथों की पहचान की जा रही है और वहां भी जल्द ही आवंटन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने 'उदयपुर फाइल्स' पर रोक बढ़ाने से इनकार किया, 28 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट करेगा सुनवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** सुप्रीम कोर्ट ने 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म की रिलीज पर लगी अस्थायी रोक को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में 28 जुलाई को तय की है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने फिल्म के पक्ष या विपक्ष में कोई मत व्यक्त नहीं किया है। यह मामला उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित फिल्म से जुड़ा है। फिल्म की रिलीज पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने आपत्ति जताई थी। उनका तर्क था कि यह फिल्म समाज में तनाव पैदा कर सकती है। फिल्म निर्माताओं की ओर से वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि केंद्र सरकार ने छह संशोधनों के साथ फिल्म को रिलीज की मंजूरी दी है और ऐसे मामलों में अदालतें पहले भी फिल्मों पर रोक लगाने से बचती रही हैं, जैसे 'कश्मीर फाइल्स' के मामले में हुआ था। कोर्ट में यह भी तर्क दिया गया कि भारत का सामाजिक ढांचा इतना मजबूत है कि मात्र एक फिल्म से वह टूट नहीं सकता। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ही विरोध करने वाले पक्षों को निर्देश दिया था कि वे केंद्र के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दें। अब 28 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट इस पर अंतिम निर्णय लेगा कि फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर कोई रोक जारी रहेगी या नहीं।

## जयपुर में ट्रायल के बहाने करता था गाड़ियों की चोरी, 150 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा गया आरोपी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** ओएलएक्स पर ट्रायल के बहाने गाड़ियां चुराने वाले एक शातिर चोर बलवीर सिंह मीना को एयरपोर्ट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पुराने वाहनों की बिक्री के विज्ञापन देखकर वाहन मालिकों से संपर्क करता और ट्रायल के बहाने गाड़ी लेकर फरार हो जाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की वैगनआर कार भी बरामद कर ली है। एडिशनल डीसीपी (पूर्व) आशाराम चौधरी ने बताया कि आरोपी बलवीर सिंह मीना (27), निवासी काचरोदा कुडगांव, जिला करौली को सिद्धार्थ नगर से चोरी हुई वैगनआर कार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने ओएलएक्स पर कार बेचने का विज्ञापन डाला था। आरोपी उनके घर पहुंचा और ट्रायल के बहाने कार लेकर भाग गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान की और लगभग 150 किलोमीटर तक पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने सांगानेर, प्रतापनगर, मुहाना और एयरपोर्ट थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक गाड़ी चोरी की वारदातें कबूल की हैं। बलवीर इससे पहले गुजरात में भी इसी तरह की वारदात में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शराब ठेकों या चौपालों से नशे में धुत लोगों के मोबाइल चुराता था। फिर उसी मोबाइल से ओएलएक्स पर गाड़ी बेचने वाले लोगों को फोन कर संपर्क करता। वह वाहन मालिक से व्हाट्सएप पर दस्तावेज मंगवाकर मिलने के लिए बुलाता और गाड़ी की ट्रायल के नाम पर चाबी लेकर फरार हो जाता। वारदात के बाद वह मोबाइल को सुनसान जगह पर फेंक देता था। चोरी की गाड़ियों को वह कबाड़ियों को सस्ते दामों में बेचकर नकद रुपये हासिल करता और उनसे अपने शौक पूरे करता। पुलिस अब उससे अन्य चोरी की घटनाओं की भी जांच कर रही है।

## जयपुर में युवक से 9 लाख की लूट, बदमाशों ने कार में डाल किया किडनैप, 2 किलोमीटर दूर फेंककर हुए फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर में शुक्रवार दोपहर एक युवक से 9 लाख रुपए लूटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बदमाशों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर युवक का पहले किडनैप किया और फिर कैश लूटकर 2 किलोमीटर दूर रास्ते में फेंक दिया। हालांकि, मामले में कई संदिग्ध पहलू सामने आए हैं, जिसकी पुलिस गहराई से जांच कर रही है। एसीपी (मालवीय नगर) आदित्य पूनिया ने बताया कि पीड़ित युवक जयवंत जोधपुर का रहने वाला है। वह जयपुर स्थित दुर्गापुरा एसएल कट के पास आरबीएल बैंक से 9 लाख रुपए निकालकर निकला ही था कि चार युवक उसे पुलिसकर्मी बताकर जबरन कार में डालकर ले गए। कुछ देर बाद उसे जीटी के पास रास्ते में फेंककर फरार हो गए। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित को ढूंढ निकाला और थाने लेकर आई। हालांकि, पीड़ित ने इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं दी, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो उसमें पीड़ित जसवंत को कथित बदमाशों के साथ हँसते हुए बातचीत करते हुए देखा गया। इस आधार पर पुलिस को आशंका है कि यह केवल लूट नहीं बल्कि आपसी लेनदेन या विवाद का मामला भी हो सकता है। फिलहाल पुलिस पीड़ित से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की सच्चाई का पता लगाने के लिए तकनीकी साक्ष्यों की जांच में जुटी हुई है।

## 1 अगस्त से सिंधी कैंप से नहीं चलेंगी अजमेर रूट की बसें, हीरापुरा से होगा संचालन; निजी ऑपरेटरों ने दी हड़ताल की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में ट्रैफिक लोड कम करने के उद्देश्य से अजमेर रूट की सभी बसों को सिंधी कैंप से हटाकर हीरापुरा बस स्टैंड से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की सिफारिशों के तहत लिया गया है, जिसे परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रोडवेज और जेसीटीसीएल ने मिलकर 1 अगस्त से लागू करने की तैयारी की है। इसके तहत लगभग 500 बसें – जिनमें 30 से 40 रोडवेज और करीब 400 प्राइवेट बसें शामिल हैं – अब हीरापुरा से रवाना होंगी। वहीं दिल्ली, सीकर, आगरा और टोंक रोड की ओर जाने वाली बसों का संचालन पूर्व की भांति सिंधी कैंप से ही जारी रहेगा। शुक्रवार को झालाना स्थित आरटीओ प्रथम कार्यालय में इस विषय पर एक अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें रोडवेज, जेसीटीसीएल, ट्रैफिक पुलिस और निजी बस ऑपरेटर शामिल हुए। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय सरकार के आदेशानुसार लिया गया है और 1 अगस्त से इसे हर हाल में लागू किया जाएगा। हालांकि, इस फैसले का निजी बस ऑपरेटरों और टैक्सी यूनियनों ने कड़ा विरोध किया है। ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने चेतावनी दी है कि अगर बसों को जबरन हीरापुरा भेजा गया तो वे हड़ताल करेंगे और चक्का जाम भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हीरापुरा बस स्टैंड पर न तो पार्किंग है, न वेटिंग एरिया और न ही यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं। ऐसे में वहां से संचालन व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हीरापुरा, सिंधी कैंप से करीब 18 किलोमीटर दूर है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी होगी। आरटीओ अधिकारियों का यह तर्क कि यात्री किसी भी तरह हीरापुरा पहुंच जाएंगे, व्यवहारिक नहीं माना जा सकता। निजी बस ऑपरेटरों का आरोप है कि सरकार ने हमेशा चालान और दंडात्मक कार्रवाई के जरिए उन्हें दबाया है, सहयोग कभी नहीं किया। अब बिना संवाद और तैयारी के बस संचालन स्थल शिफ्ट करना उनके लिए अस्वीकार्य है।

## फर्जी सिम से साइबर ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार, तीन नाबालिग भी पकड़े गए



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फर्जी सिमकार्ड के जरिए साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गैंग के मास्टरमाइंड नीरज मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े तीन नाबालिगों को भी पकड़ा है, जो सिम बेचने, बैंक खाते उपलब्ध कराने और फर्जी लेन-देन में शामिल थे। पुलिस अधीक्षक (साइबर क्राइम) शांतनु कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नीरज कुमार मीणा (19), निवासी शिवसिंहपुरा, झापदा, दौसा है, जो जयपुर के त्रिवेणी नगर, महेश नगर में किराए के मकान में रहकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। उसके पास से 10 फर्जी सिमकार्ड, 3 सिम कवर, 2 मोबाइल फोन (वनप्लस व आईफोन-15) और 35,450 की नकदी बरामद की गई है। इससे पहले घनश्याम मीणा, निवासी निवाई, टोंक को फर्जी आधार कार्ड के जरिए सिम कार्ड लेकर साइबर अपराधियों को बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में मोबाइल कंपनी के दो कर्मचारियों की संलिप्तता भी सामने आई, जिन्हें गिरफ्तार किया जा चुका है। पहला नाबालिग साइबर ठगों को फर्जी दस्तावेजों से सिम कार्ड दिलवाता था। दूसरा नाबालिग साइबर फ्रॉड के लिए बैंक खाते बेचता था। तीसरे नाबालिग के पास से 5 फर्जी सिम, एक मोबाइल फोन और 5,000 की ठगी की राशि बरामद की गई। पुलिस का कहना है कि यह गैंग फेक दस्तावेजों से सिम एक्टिवेट कर साइबर अपराधियों को बेचता था, जिससे वे ठगी के कॉल, ओटीपी फ्रॉड और बैंक अकाउंट हैकिंग जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। मामले में जांच जारी है और पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है।

## सात दिन में जारी होगा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, देरी पर लगेगा जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** पंचायत समिति चाकसू में शुक्रवार को जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र के सभी रजिस्ट्रार और उप रजिस्ट्रार उपस्थित रहे। कार्यशाला में आमजन को समय पर सेवा उपलब्ध कराने और पंजीयन प्रक्रिया को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। सहायक निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि अब जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन के सात दिन के भीतर जारी करना अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित समय में प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया तो रजिस्ट्रार या उप रजिस्ट्रार पर 250 जुर्माना लगेगा। वहीं, यदि कोई संस्था जन्म या मृत्यु की सूचना नहीं देती है तो उस पर 1000 का जुर्माना लगाया जाएगा। डॉ. कुमावत ने यह भी बताया कि ग्राम विकास अधिकारी को रजिस्ट्रार तथा सीएचसी/पीएचसी को उप रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। उन्होंने रजिस्ट्रारों से समय पर प्रमाण पत्र जारी करने की अपील की, जिससे आमजन को कोई परेशानी न हो। यदि प्रमाण पत्र निर्धारित अवधि में नहीं मिलता है, तो व्यक्ति जिला रजिस्ट्रार या मुख्य रजिस्ट्रार के समक्ष अपील कर सकता है। यह सेवा अब राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत शामिल है, जिसकी नियमित समीक्षा मुख्य सचिव द्वारा की जाती है। कार्यशाला में सांख्यिकी अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने पंजीयन में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और मौके पर ही समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बीएसओ राजकुमार महेन्द्रा, सांख्यिकी निरीक्षक राजेश मीना, संगणक अल्पना साहू व वरिष्ठ सहायक जितेन्द्र जाजोरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## फुलेरा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर चोर को दबोचा, चोरी की मोटर और पाइप बरामद




जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** ग्रामीण की पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी के निर्देशन में फुलेरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भांकरोटा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बालूराम उर्फ बाल्या को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पानी की मोटर और पाइप बरामद किए गए हैं। परिवादी ललित कुमार ने 23 जुलाई को रिपोर्ट दी थी कि उसके गार्डन से मोटर व पाइप चोरी हो गए। जांच में सामने आया कि वारदात बालूराम ने की थी, जो पहले से सांभर जेल में बंद था। । पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की तो उसने चोरी स्वीकार कर ली। बालूराम आयु 50 वर्ष के खिलाफ लूट, चोरी व आर्म्स एक्ट के 23 मुकदमे दर्ज हैं। उसने जयपुर व नागौर जिले के कई थानों में चोरी की वारदातें करना कबूल किया है।पुलिस टीम का नेतृत्व थानाधिकारी चंद्र प्रकाश कर रहे थे, जिनके साथ सहायक उप निरीक्षक धूडसिंह और कांस्टेबल रविदत्त व रामचंद्र ने मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

## जर्जर भवनों को लेकर प्रशासन सख्तः जिला कलेक्टर ने दिए ध्वस्तीकरण के निर्देश

### आमजन से असुरक्षित भवन खाली करने की अपील, विभागों को अभियान चलाने के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मानसून की दस्तक के साथ ही जिले में जर्जर भवनों से उत्पन्न खतरे को देखते हुए जयपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शुक्रवार को सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित खतरनाक और जीर्ण-शीर्ण भवनों की पहचान कर उन्हें नियमानुसार ध्वस्त करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। डॉ. सोनी ने कहा कि बारिश के दौरान ऐसे भवन आमजन के जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इसलिए नगरपालिका, नगर परिषद, नगर निगम और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाकर उन भवनों की सूची तैयार की जाए जो अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं, फिर चाहे वे आवासीय हों या शैक्षणिक, स्वास्थ्य या सरकारी कार्यालय भवन। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा में भवन खाली कराने की प्रक्रिया अपनाई जाए। जिला कलेक्टर ने आम जनता से भी अपील की कि यदि वे किसी जर्जर, पुरानी या असुरक्षित संरचना में रह रहे हैं तो स्वयं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत उसे खाली कर दें। जन सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवनों की स्थिति पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए और विभागीय समन्वय के साथ जोखिम वाले स्थानों की सूची अपडेट की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को पहले ही रोका जा सके। जिला प्रशासन द्वारा इस संपूर्ण अभियान को गंभीरता से लागू किया जा रहा है, जिससे मानसून काल में जान-माल की हानि को रोका जा सके।

## मजदूर के नाम 18 करोड़ का फर्जी लेन-देन, दिल्ली में बनाई गई फर्म से 3 करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी

### पैन और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर हुआ करोड़ों का कारोबार, बालोतरा के मजदूर को नहीं थी कोई जानकारी

जयपुर टाइम्स

**जोधपुर(निसं.)।** चौंकाने वाले एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है, जिसमें बालोतरा के एक मजदूर वीरधाराम के नाम पर 18 करोड़ रुपए का कारोबार और 3 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी चोरी की गई। यह फर्जी कारोबार दिल्ली में "वीरधा ट्रेडर्स" नामक एक फर्म बनाकर अंजाम दिया गया, जिसमें मजदूर के पैन और आधार कार्ड का अवैध रूप से इस्तेमाल किया गया। वीरधाराम, जो चूरू के सरदारशहर में मजदूरी करता है, हर वर्ष अपनी सैलरी पर टीडीएस कटने के कारण आयकर रिटर्न भरता है। इस बार जब वह रिटर्न भरने के लिए सीए के पास गया तो उसे पता चला कि दिल्ली के सब्जी मंडी मैन बाजार क्षेत्र में उसके नाम पर एक फर्म रजिस्टर्ड है, सीए द्वारा की गई जांच में सामने आया कि इस फर्म के माध्यम से तांबा स्ࣺैप, पॉलिथीन, तांबा उत्पादों का लेन-देन किया जा रहा है। यह फर्म 22 जनवरी 2025 को रजिस्टर्ड हुई थी और 10 जुलाई को आधार प्रमाणीकरण 'सफल' दिखाया गया, जबकि वीरधाराम को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यहां तक कि उसके मोबाइल पर आए ओटीपी का भी किसी ने दुरुपयोग किया। मामले का खुलासा होते ही वीरधाराम ने गिड़ा थाने, जीएसटी विभाग, इनकम टैक्स और सीबीईसी को लिखित शिकायतें दीं। 24 जुलाई को पुलिस को दी गई शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई। स्टेट जीएसटी अधिकारियों ने दिल्ली स्थित जीएसटी अधिकारियों को सूचित कर फर्जी जीएसटी नंबर रद्द करने की प्रॎ या शुरू कर दी है। इसके अलावा, 25 जुलाई को वीरधाराम ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ एक्साइज एंड कस्टम्स के दिल्ली जोन में भी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने दिल्ली में तैनात अतिरिक्त आयुक्त मनीष कुमार झा को भी इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। यह मामला न केवल व्यक्तिगत पहचान की चोरी का उदाहरण है, बल्कि इससे यह भी साफ होता है कि आधार-पैन जैसे दस्तावेजों की सुरक्षा में थोड़ी सी चूक भी किसी निर्दोष को करोड़ों के फर्जी लेन-देन का भागीदार बना सकती है। पुलिस व जीएसटी विभाग अब आरोपियों की तलाश में जुटे हैं।

## बीबीए पास युवक बना लुटेरा, 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की चेन लूटने पर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में घर में घुसकर एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से सोने की चेन लूटने वाले शातिर बदमाश को ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी बीबीए स्नातक है और पूर्व में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। नशे की लत और घरेलू तनाव ने उसे अपराध की राह पर धकेल दिया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) आशाराम चौधरी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरुण पारीक (26 वर्ष), निवासी गांव लाली, जमवारामगढ़, जयपुर ग्रामीण के रूप में हुई है। तरुण ने 23 जुलाई को ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में महिला शकुंतला (70) के घर में घुसकर उनकी सोने की चेन लूट ली थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी के भागने का मार्ग चिन्हित किया। विशेष टीम के एएसआई छीतरमल, कांस्टेबल धर्मेंद्र, उदय सिंह और जितेंद्र ने फुटेज का विश्लेषण कर शुक्रवार सुबह दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लूटी गई चेन और अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पूछताछ में सामने आया कि तरुण पहले मानसरोवर स्थित कंपनी में कार्यरत था, लेकिन स्मैक की लत के कारण परिवार ने उसकी नौकरी छुड़वा दी थी। हाल ही में हुई शादी के बाद पत्नी द्वारा लगातार पैसों की मांग किए जाने पर तरुण मानसिक रूप से परेशान रहने लगा और अपराध का रास्ता चुन लिया। तरुण ने स्वीकार किया कि पैसों की तंगी और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए उसने चेन लूटने की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को शक है कि आरोपी ने और भी वारदातें की हैं। उससे आगे की पूछताछ जारी है।

# विकसित भारत की ओर एक और बड़ा कदम



भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए पर सहमति बन गई है। भारत-यूके व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) के अस्तित्व में आने से रोजगार के असंख्य अवसर सृजित होंगे। भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और व्यवसायों को नई वैश्विक पहचान मिलेगी। उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं की किफायती दरों पर पहुंच भी सुनिश्चित होगी।

सीईटीए की संकल्पना आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अन्य देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप ही है। यह मोदी सरकार की भारत को 2047 तक विकसित बनाने की संकल्पना से जुड़ी रणनीति का एक हिस्सा है।

मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को फिर से स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई है। विकसित देशों के साथ एफटीए इस रणनीति के केंद्र में है। ऐसे समझौते व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं को दूर करके निवेशकों का विश्वास बढ़ाते हैं।

पिछली यूपीए सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने वाला रवैया अपनाया था। यूपीए सरकार में विकसित देश भारत के साथ व्यापार समझौते के अनिच्छुक थे, क्योंकि तब देश की गिनती दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में होने लगी थी। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आर्थिकी की काया ही पलट गई। भारत का सकल घरेलू उत्पाद 2014 से लगभग तिगुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

क्रांतिकारी सुधारों, कारोबारी सुगमता और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक आर्थिक गंतव्य के रूप में उभारने में मदद की है, जहां विपुल संभावनाएं हैं। आज दुनिया भारत की अद्भुत विकासगाथा का हिस्सा बनना चाहती है। प्रमुख देशों द्वारा एक के बाद एक एफटीए इसी मान्यता की पुष्टि करते हैं।

ब्रिटेन के साथ यह व्यापार समझौता बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाएगा। यह करीब 99 प्रतिशत टैरिफ समाप्त करता है, जो लगभग शत प्रतिशत व्यापार मूल्य को कवर करता है। यह 56 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लिए अपार अवसर बनाएगा, जिसके 2030 तक दोगुना होने का अनुमान है। इससे छोटे व्यवसाय समृद्ध होंगे, क्योंकि भारतीय उत्पादों को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल होगी।

खेल उपकरण बनाने वाली कंपनियों के कारोबार में भारी विस्तार होगा। विश्व के एक आकर्षक बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त चमड़ा और जूते, वस्त्र, समुद्री उत्पाद और रत्न एवं आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए मददगार साबित होगी।

इन क्षेत्रों में, जहां कई छोटे व्यवसाय संचालित होते हैं, निवेश और रोजगार सृजन के अवसर पैदा होंगे। भारत के चमड़ा और जूता निर्यात में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है। भारत वस्त्र, चमड़ा और जूते के क्षेत्र में ब्रिटेन के शीर्ष तीन आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की बेहतर स्थिति में है।

इस समझौते के बाद 95 प्रतिशत से अधिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, जिससे कृषि निर्यात और ग्रामीण समृद्धि में तेज वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान है, जो 2030 तक भारत के 100 अरब डालर के कृषि-निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देगा।

इससे भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाजार के द्वार खुलेंगे, जो जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों को मिलने वाले फायदे के बराबर या उससे भी अधिक होगा। हल्दी, काली मिर्च, इलायची, प्रसंस्कृत उत्पादों, अचार और दालों को भी शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। निर्यात बढ़ने से कृषि आय में वृद्धि होगी तथा गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन के लिए अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला में रोजगार के असंख्य अवसर सृजित होंगे।

घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए एफटीए में भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। भारत ने डेरी उत्पादों, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। यह मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, मूल्य स्थिरता और कमजोर कृषक समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को दर्शाता है।

समझौते से भारतीय मछुआरों, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु के मछुआरों की ब्रिटिश बाजार में पहुंच सुगम होगी। यह समझौता सूचना प्रौद्योगिकी एवं संबंधित सेवाओं, वित्तीय सेवा और शिक्षा सहित अन्य सेवाओं में भारतीयों के लिए नए अवसर बनाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के एफटीए वस्तुओं और सेवाओं से कहीं आगे तक जाते हैं। आस्ट्रेलियाई एफटीए के साथ भारत ने दोहरे कराधान का मुद्दा सुलझाया, जो आईटी कंपनियों की परेशानी बढ़ा रहा था। ब्रिटेन के साथ समझौते का एक अहम बिंदु दोहरे अंशदान से जुड़ा है।

*पिछली यूपीए सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने वाला रवैया अपनाया था। यूपीए सरकार में विकसित देश भारत के साथ व्यापार समझौते के अनिच्छुक थे, क्योंकि तब देश की गिनती दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में होने लगी थी। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आर्थिकी की काया ही पलट गई। भारत का सकल घरेलू उत्पाद 2014 से लगभग तिगुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपये हो गया है। क्रांतिकारी सुधारों, कारोबारी सुगमता और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक आर्थिक गंतव्य के रूप में उभारने में मदद की है, जहां विपुल संभावनाएं हैं। आज दुनिया भारत की अद्भुत विकासगाथा का हिस्सा बनना चाहती है। प्रमुख देशों द्वारा एक के बाद एक एफटीए इसी मान्यता की पुष्टि करते हैं। ब्रिटेन के साथ यह व्यापार समझौता बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाएगा।*

सम्पादकीय

## अमेरिकी दबाव को दरकिनार कर भारत ने चुना अपना रास्ता



भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को मौजूदा दौर में दुनिया भर में जारी बहुस्तरीय तनाव और दबाव की राजनीति के बीच एक बेहतर कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप ने इस बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से शुल्क के मोर्चे पर किस तरह का द्वंद्व खड़ा कर दिया है। हालांकि भारत ने अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किए गए किसी दबाव के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया है और उसने नए विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष के साथ गुरुवार को एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार में लगभग चौंतीस अरब डालर की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। दूसरी ओर, यूरोपीय संघ छोड़ने के बाद ब्रिटेन का यह किसी देश के साथ सबसे बड़ा और आर्थिक रूप से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण व्यापार समझौता है। इस समझौते से निन्यानबे फीसद भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश कारों, विस्की और कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। गौरतलब है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को इस निष्कर्ष तक पहुंचने में करीब तीन वर्ष लगे। दरअसल, फिलहाल दुनिया जिस तरह शुल्क के मसले पर व्यापार युद्ध के कगार पर है, उसमें समझौते के हर बिंदु पर कानूनी जांच और आटोमोबाइल उद्योग के संदर्भ में शुल्क छूट से जुड़े मसलों पर विचार करना लाजिमी था। अगर यह द्विपक्षीय समझौता जमीन पर उतरता है, तो भारत के वस्त्र, जूते, समुद्री खाद्य पदार्थ, इंजीनियरिंग सामान, रत्न और आभूषणों का निर्यात ब्रिटेन के बाजार में और बेहतर पहुंच बना सकेगा। साथ ही भारत के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के लिए भी नई राह खुलने के मौके बनेंगे और इस तरह देश के युवा वर्ग और किसानों के लिए नई संभावनाओं का दरवाजा खुल सकता है। वहीं, ब्रिटेन के चिकित्सा उपकरणों और कल-पुर्जे जैसे उत्पाद अब भारत में अपेक्षया कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगे। हालांकि बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़े मसले पर आशंकाएं जताई जाती रही हैं, इसलिए भारत को आगे भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि स्वास्थ्य का अधिकार, सस्ती दवाओं की उपलब्धता और न्यायपूर्ण पेटेंट प्रणाली प्राथमिक चिंता की बात होनी चाहिए। भारत और ब्रिटेन के बीच यह द्विपक्षीय समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी शर्तों पर अन्य कई देशों को आर्थिक मसलों पर प्रभावित और संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की सुविधा के मुताबिक फैसले नहीं लेने पर बेलगाम शुल्क और इससे आगे पाबंदी लगाने तक की बात के बीच किस तरह का व्यापार समझौता सामने आएगा, यह समझा जा सकता है। दो देशों के बीच होने वाली बातचीत जब तक द्विपक्षीय और समान हित सुनिश्चित करने की नीति पर आधारित नहीं होगी, तब तक उसका हासिल भी कुछ ठोस नहीं निकलेगा। भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ ताजा करार इस बात का उदाहरण है कि दो देशों के बीच एक समझौते को कैसे एक बेहतर स्वरूप दिया जा सकता है। यों विकसित देशों की ओर से जिस तरह अपने फायदे में शर्त आधारित संबंधों को कूटनीति का फार्मूला बनाया जाता रहा है, उसमें भारत को भी अपने हित के प्रति सजग और सतर्क रहने की जरूरत है।

## पड़ोसियों को पटरी पर लाता भारत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव के महत्वपूर्ण दौरे पर होंगे। सामरिक मायनों में अहम माने जाने वाले इस द्वीपसमूह के साठवें स्वाधीनता दिवस में मोदी सम्मानित अतिथि ही नहीं, बल्कि वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के शासनकाल के दौरान वहां राजकीय यात्रा करने वाले पहले विदेशी नेता भी हैं। प्रतीकात्मक और ठोस मानदंडों के आधार पर देखें तो यह भारत की 'पड़ोसी प्रथम' विदेश नीति में एक मील का पत्थर है, जिसे मोदी सरकार की परिपक्व कूटनीति का उदाहरण माना जा सकता है। यह संयोग नहीं है कि एक समय भारत विरोध का राग अलापने वाले मुइज्जू आज मोदी के स्वागत में लाल कालीन बिछा रहे है। यह बदलाव भारत जैसी बड़ी शक्ति द्वारा एक छोटे पड़ोसी देश के साथ धैर्यपूर्वक और कुशलतापूर्वक व्यवहार का परिणाम है। मुइज्जू के कार्यकाल की शुरुआत में उनके समर्थकों ने भारत पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं और भारत को मालदीव में एक औपनिवेशिक शक्ति के रूप में पेश किया था, लेकिन भारत ने ऐसे बयानों को लेकर औपचारिक स्तर पर कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की। अन्यथा द्विपक्षीय रिश्ते और बिगड़ जाते। मालदीव से प्रतिकूल संकेतों के बीच भी भारत ने इस पड़ोसी देश की विकास सहायता राशि 470 करोड़ से बढ़ाकर 600 करोड़ रुपये कर दी। इसके अलावा दो प्रकार की मुद्रा विनिमय व्यवस्थाएं भी बनाईं, जिनके तहत 40 करोड़ डालर के साथ-साथ 3,000 करोड़ रुपये भी मालदीव को उपलब्ध कराए गए। इन प्रविधानों से उसे अपनी डगमगाती आर्थिक स्थिति को सुधारने और ऋण के बोझ को घटाने में सहायता मिली। बदहाली के शिकार मालदीव को संकट के समय उबारने वाला एकमात्र देश भारत था। जबकि मुइज्जू जिस चीन के मुरीद रहे थे, उसने उन्हें कोई रियायत नहीं दी। यह भी एक तथ्य है कि मालदीव की मुश्किलें चीनी कर्ज के जाल में फंसने से ही बढ़ी थीं। भारत ने मालदीव की दयनीय दशा को बखूबी भांपते हुए अपनी उदारता से सिद्ध किया कि भारत बड़े दिल वाला पडोसी है, जो न केवल प्राकृतिक आपदा में काम आता है, अपितु राष्ट्रीय संकटों से भी निजात दिलाने की मंशा और क्षमता रखता है। ऐसी ही परिस्थितियों से भारत ने 2022 में श्रीलंका को उबारा था। चीनी कर्ज बोझ से कराह रहे श्रीलंका को तब लगभग चार अरब डालर की आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराई थी। इसका ही परिणाम है कि आज श्रीलंका में सत्तारूढ़ जनता विमुक्ति पेरमुना जो पूर्व में भारत विरोधी पार्टी थी, वह आज भारत को घनिष्ठ मित्र के रूप में देखती है। आज वहां की सरकार भारत के विरुद्ध हिंद महासागर में चीनी साजिशों का हिस्सा बनने को तैयार नहीं।

ऐसी कवायदों से यह लग सकता है कि जैसे भारत मौद्रिक सहायता के बदले अपने प्रति निष्ठा चाह रहा है या वित्तीय कूटनीति के खेल में दक्षिण एशिया में चीन को मात दे रहा है। हालांकि यह केवल आर्थिक उदारता ही नहीं है जिसकी वजह से मालदीव और श्रीलंका जैसे छोटे देशों को यह अहसास हुआ कि भारत उनके भविष्य के लिए अपरिहार्य है।

अक्टूबर 2024 में भारत और मालदीव ने 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया और उसके अंतर्गत रक्षा सहयोग का विस्तार हुआ है। आज संयुक्त नौसैनिक अभ्यास, समुद्री क्षेत्र जागरूकता, भारत द्वारा मालदीव के सैनिकों का प्रशिक्षण और मालदीव को जहाज उपलब्ध कराना इत्यादि सक्रिय रूप से जारी है।

इसके बावजूद इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि घरेलू राजनितिक कारकों और 'संतुलित विदेश नीति' के नाम पर भारत के छोटे पड़ोसी समय-समय पर चीन या अन्य बाहरी शक्तियों के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं और भारत ऐसी युक्तियों को अवरुद्ध भी नहीं कर सकता।

भारत के हाथ में बस इतना है कि वह छोटे देशों के प्रति सहानुभूतिपूर्वक ध्यान दे, इन पड़ोसियों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने से बचे और ऐसे विकल्प पेश करे जो चीन की तुलना में अधिक भरोसेमंद और निर्देशात्मक न होकर परामर्शात्मक हों। मुइज्जू के सकारात्मक कायापलट को चीन की हार और भारत की विजय कहकर ढिंढोरा पीटना या मालदीव को सबक सिखाना अथवा उसकी हेकड़ी निकालना जैसे दावे उचित नहीं। मालदीव के लोगों की आजीविका के बड़े स्रोत पर्यटन में चीन, रूस और ब्रिटेन जैसे देश भारत से आगे निकल गए हैं।

## विश्व आईवीएफ दिवस पर विशेष

**बांझपन का सामना कर रहे जोड़ों के लिए आशा की किरण - लेखक - डॉ. चारु जौहरी**



पिछले तीन दशकों में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) की सफलता दर में लगातार वृ?द्धि देखी गई है, और नए शोध इस संख्या को और भी बढ़ाने का वादा करते हैं जब 1978 में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (संक्षेप में आईवीएफ) के माध्यम से गर्भाधान किए गए पहले स्वस्थ बच्चे का जन्म हुआ, तो यह बांझपन से जूझ रहे दंपतियों के लिए परिवार नियोजन विकल्पों में एक स्पष्ट बदलाव का संकेत था। आज के समय में, खान-पान से लेकर रहन-सहन तक, सभी चीजें बदल गई हैं। लोगों के जीवन जीने का तरीका पूरी तरह से बदल गया है। जिसका असर महिलाओं के प्रेग्नेंसी पर भी पड़ता है आइवीएफ को इन विट्रो फर्टीलाइजेशन के नाम से भी जाना जाता है। जब महिला का शरीर ऐग को फर्टिलाइज करने में सक्षम नहीं होता है, तो उसे लैब में फर्टीलाइज कराया जाता है। इसमें महिला के ऐग्स और पुरुष के स्पर्म को मिलाया जाता है। एक बार जब इसके संयोजन से भ्रूण का निर्माण हो जाता है, तो उसे वापस महिला के गर्भाशय में डाल दिया जाता है।

**आईवीएफ के लिए किसे जाना चाहिए?**

फैलोपियन ट्यूब में रुकावट पुरुषों में शुक्राणु संबंधी समस्याएं, एंडोमेट्रियोसिस, अनुवांशिक विकार, अस्पष्टीकृत बांझपन, 38 वर्ष से अधिक आयु की बांझपन से पीड़ित महिलाएं, कम अंडे का भंडार (AMH कम होना), PCOD या अन्य ओव्यूलेशन संबंधी समस्या

**क्या आईवीएफ सुरक्षित है?**

हाँ, आईवीएफ एक सुरक्षित प्रक्रिया है और दुनियाभर में लाखों दंपतियों ने इसके जरिए सफल गर्भधारण किया है। यह मेडिकल साइंस की एक एडवांस तकनीक है, जिसे विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में किया जाता है। हालांकि, किसी भी उपचार की तरह इसमें भी कुछ संभावित जोखिम हो सकते हैं, जैसे हल्का दर्द, हार्मोनल बदलाव, या ओएचएसएस (हृॾस्स्)। लेकिन सही देखभाल और डॉक्टर की गाइडेंस से ये समस्याएँ आसानी से मैनेज की जा सकती हैं।

**क्या आईवीएफ दर्दनाक होता है?**

आईवीएफ प्रक्रिया में हल्का दर्द या असहज महसूस हो सकता है, लेकिन यह ज्यादा तकलीफ देने वाला नहीं होता। अंडाणु संग्रहण (Egg Retrieval) के दौरान एनेस्थीसिया दिया जाता है, जिससे कोई दर्द महसूस नहीं होता। इंजेक्शन और दवाओं की वजह से हल्की सूजन या ऐंठन हो सकती है, लेकिन यह अस्थायी होती है। भ्रूण प्रत्यारोपण (Embryo Transfer) भी लगभग बिना दर्द के होता है। कुल मिलाकर, आईवीएफ प्रक्रिया सामान्य रूप से सहने योग्य होती है, और डॉक्टर सही देखभाल देकर इसे आसान बना सकते हैं।

**आईवीएफ के बाद सही देखभाल क्यों जरूरी है?**

आईवीएफ के बाद सही देखभाल बहुत जरूरी होती है। यह गर्भधारण की संभावना को बढ़ाने और किसी भी जटिलता से बचने में मदद करता है। इस दौरान आराम, सही आहार और डॉक्टर की सलाह का पालन करना चाहिए। कुछ गतिविधियों से बचना जरूरी होता है ताकि भ्रूण गर्भाशय में सुरक्षित रूप से स्थापित हो सके। आइए देखते हैं, आईवीएफ के बाद किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए।

**IVF (आईवीएफ) के बाद जरूरी सावधानियां:**

शारीरिक आराम करें, लेकिन पूरी तरह बेड रेस्ट जरूरी नहीं। तनाव से बचें, यह हार्मोन बैलेंस को प्रभावित कर सकता है भारी सामान न उठाएं और झुकने से बचें संतुलित आहार लें, जिसमें प्रोटीन और फाइबर हो पर्याप्त पानी पिएं, शरीर हाइड्रेटेड रहना चाहिए डॉक्टर की दवाएं नियमित लें और कोई भी खुराक न छोड़ें यौन संबंध से बचें, भ्रूण प्रत्यारोपण के बाद कुछ दिन तक धूमपान और शराब न लें, यह गर्भधारण को प्रभावित कर सकता है।

**उम्र और प्रजनन क्षमता:**

उम्र पुरुषों और महिलाओं की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती है। उम्र एक महिला के गर्भधारण करने और स्वस्थ बच्चे को जन्म देने की संभावना को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। लगभग 30 वर्ष की आयु तक, एक महिला की प्रजननक्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है और 30 के दशक के मध्य तक यह गिरावट तेज हो जाती है। महिलाओं की उम्र बढ़ने के साथ गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं का जोखिम बढ़ जाता है। पुरुषों की प्रजनन क्षमता में गिरावट अधिक सूक्ष्म होती है, लेकिन 45 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों में महिला साथी के गर्भधारण करने में लगने वाला समय, गर्भपात का जोखिम और बच्चे में मानसिक स्वास्थ्य और विकास संबंधी विकारों का जोखिम बढ़ जाता है यह एक आम ग़लतफहमी है कि आईवीएफ उपचार प्रजनन क्षमता पर उम्र के प्रभाव को कम कर सकता है। महिला की उम्र भी आईवीएफ की सफलता की संभावना को प्रभावित करती है इसीलिए यदि आप बांझपन का सामना कर रहे हैं तो आपको प्रजनन विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो समय पर आईवीएफ के लिए आगे बढ़ना चाहिए IVF मूल रूप से प्रजनन चिकित्सा में एक महत्वपूर्ण सफलता बन गया, क्योंकि इसने उन लोगों के लिए एक निश्चित मौका दिया जिन्हें बच्चे पैदा करने में समस्या है। हृष्टस्ह्न और अन्य तकनीकी विकास, कम-तकनीकी सहायता में जबरदस्त सुधार के साथ मिलकर, दुनिया भर में सैकड़ों हज़ारों लोगों के लिए माता-पिता बनने की IVF यात्रा को संभव बनाते हैं। प्रौ?द्योगिकी की प्रगति और नए शोध के निरंतर विकास के साथ, IVF का भविष्य उन लोगों के लिए अधिक सकारात्मक दिशा में झुकता है जो अपना परिवार बनाना चाहते हैं

**यह लेखक के निजी विचार है।**



# पंकज त्रिपाठी ने बताया फिल्मों के न चलने का कारण

अभिनेता पंकज त्रिपाठी की गिनती इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों में होती है। हाल ही में आई अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनों' में एक बार फिर उन्होंने अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 'मेट्रो इन दिनों' अच्छे रिव्यू के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। अब अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के लिए महंगे टिकट प्राइस को जिम्मेदार ठहराया है।

### महंगे टिकट हैं एक बाधा

बातचीत में पंकज त्रिपाठी ने दर्शकों के सिनेमाघरों में न पहुंचने पर प्रतिक्रिया दी है। अभिनेता ने कहा कि इस मामले में टिकट की कीमतें एक मुद्दा हैं और उसकी भी एक भूमिका है। अगर आज किसी परिवार को थिएटर जाना पड़े, तो यह बहुत महंगा सौदा है। टिकट की कीमतें और वहां परोसा जाने वाला खाना बहुत महंगा है। हालांकि, ये बिजनेस का खेल मेरी समझ से बाहर है। लेकिन हां, मुझे लगता है कि फिल्म के टिकट बहुत महंगे हैं और यह निश्चित रूप से एक बाधा है।

### मंगलवार और नेशनल सिनेमा डे पर बढ़ जाती है दर्शकों की संख्या

पंकज त्रिपाठी ने आगे कहा कि सिर्फ मंगलवार या नेशनल सिनेमा डे पर जब टिकट की कीमतें कम होती हैं, तो सिनेमाघरों में दर्शकों की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए अगर टिकट की कीमतें सही होंगी, तो दर्शकों की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी। एक परिवार के लिए 2 हजार रुपए खर्च करके और पांच घंटे का समय निकालना, जिसमें आना-जाना भी शामिल है। ये आसान बात नहीं है। 2 हजार कोई बहुत छोटी रकम नहीं है।

### 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आए थे पंकज

वर्क फ्रंट की बात करें तो पंकज त्रिपाठी हाल ही में 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आए थे। फिल्म में उनके काम की तारीफ भी हुई थी। इसके अलावा वो अपनी पॉपुलर वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4' में एक बार फिर वकील माधव मिश्रा के किरदार में दिखे थे। दोनों ही कामों की तारीफ हुई थी। अभिनेता इन दिनों अपनी फैमिली एंटरटेनर फिल्म 'पारिवारिक मनुरंजन' की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में वो अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ नजर आएंगे।



# सपने जैसा है बड़े पोस्टर्स और पर्दे पर खुद को देखना

**अभिनेत्री फातिमा सना शेख की दो फिल्में मेट्रो इन दिनों और आप जैसा कोई हाल ही में रिलीज हुई। सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट कर सना ने कहा कि बड़े पोस्टर्स और सिनेमाघरों के पर्दे पर खुद को देखना अभी भी सपने जैसा लगता है। फातिमा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए इसे लव लेटर करार दिया। फातिमा ने कैप्शन में लिखा, कभी नहीं सोचा था कि मेट्रो इन दिनों और आप जैसा कोई एक साथ रिलीज होंगी और दोनों को इतना प्यार मिलेगा।**

उन्होंने दर्शकों से मिल रहे प्यार के लिए आभार जताया और कहा, मैं अभिभूत हूं, आभारी हूं, और अभी भी इस खुशी को आत्मसात कर रही हूं। बड़े पोस्टर्स और पर्दे पर खुद को देखना सपने जैसा है। उन्होंने निर्देशक अनुराग बसु और विवेक सोनी को धन्यवाद देते हुए कहा कि दोनों ने उन्हें चुनौती दी, मार्गदर्शन किया और उनके दिल को प्यार से भर दिया। फातिमा ने लिखा, आपके प्यार, इस खूबसूरत सफर और मुझे सही मायनों में समझने के लिए शुक्रिया। मेट्रो इन दिनों आधुनिक रिश्तों की मुश्किलों को पर्दे पर उतारती है, जिसमें प्रेम, दिल टूटने और मानवीय रिश्तों की कहानियां हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख के साथ आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म साल 2007 में आई अनुराग बसु की लाइफ इन अ... मेट्रो की सीक्वल है, जो शादी, प्रेम और रिश्तों जैसे विषयों को छूती है। वहीं, आप जैसा कोई में फातिमा के साथ अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता इस फिल्म में एक साधारण संस्कृत प्रोफेसर श्रीरेनु त्रिपाठी के किरदार में हैं, जबकि फातिमा एक फ्रेंच शिक्षिका मधु बोस की भूमिका में हैं।



# हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हुए विद्युत जामवाल

**अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है।**

### विद्युत की हॉलीवुड में एंट्री

डेडलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विद्युत इस हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' में धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए विद्युत हॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है। जो योग और मार्शल आर्ट्स में माहिर है। इसे पहली बार 1991 में 'स्ट्रीट फाइटर II' में दिखाया गया था। धालसिम केवल अपने परिवार की रक्षा और समर्थन के लिए लड़ता है।

### किताओ सकुराई ने किया है फिल्म का निर्देशन

'स्ट्रीट फाइटर' का निर्देशन किताओ सकुराई ने किया है, जिन्हें 'बैड ट्रिप' और 'आर्डवार्क' के लिए जाना जाता है। इसमें डेविड डस्टमालचियन भी एक विलेन की भूमिका में हैं, उनके साथ एंड्रयू कोजी, नोआ सेंटीनो, जेसन मोमोआ, रोमन रेंस, ऑरविल पेक और एंड्रयू शुल्ज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह वीडियो गेम सीरीज आधिकारिक तौर पर 1987 में शुरू की गई थी और यह एम. बाइसन द्वारा एक वर्ल्ड फाइटिंग टूर्नामेंट के रूप में आयोजित मार्शल आर्ट कलाकारों के ग्रुप्स के बीच आमने-सामने की जबरदस्त लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती थी। इसके साथ ही विद्युत जामवाल भी आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, तब्बू और इरफान खान समेत उन बॉलीवुड कलाकारों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जो हॉलीवुड की फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

# पवन कल्याण की उस्ताद भगत सिंह में नजर आएंगी राशि खन्ना

पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म उस्ताद भगत सिंह में श्रीलीला मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन अब ताजा जानकारी के अनुसार, फिल्म में श्रीलीला के अलावा भी एक और साउथ एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है।



### उस्ताद भगत सिंह में हुई एक और साउथ अभिनेत्री की एंट्री

पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। निर्माता इस महीने के आखिर तक पवन कल्याण के हिस्से की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। साथ ही, उनके जन्मदिन पर एक खास टीजर भी रिलीज करने की योजना है। श्रीलीला इस एक्शन ड्रामा में मुख्य अभिनेत्री हैं। स्क्रिप्ट में एक और नायिका की जगह है। एक खबर के मुताबिक, राशि खन्ना दूसरी मुख्य नायिका हो सकती हैं। राशि पहले साई धर्म तेज और वरुण तेज के साथ मेगा कैंप की सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रशंसक इस खबर से उत्साहित हैं, हालांकि, आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।

फिल्म उस्ताद भगत सिंह में पवन कल्याण और श्रीलीला के अलावा आशुतोष राणा, गौतमी, नागा महेश, टेम्पर वामसी और केजीएफ फेम अविनाश भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स कर रहे हैं। फिल्म का शानदार संगीत देवी श्री प्रसाद दे रहे हैं। इस फिल्म के अलावा पवन कल्याण फिल्म हरि हर वीर मल्लु में नजर आएंगे। यह एक एतिहासिक एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इस फिल्म को कृष जगरलामुदी और ए.एम. ज्योति कृष्णा ने लिखा और निर्देशित किया है। यह एक महान डाकू के ऊपर आधरित है। इस फ़िल्म में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नोरा फतेही और विक्रमजीत विर्क ने मुख्य भूमिका निभाई हैं।

# विवियन डीसेना के साथ टीवी पर कमबैक करेंगी दीपिका कक्कड़?

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस और फैंस की जान दीपिका कक्कड़ इन दिनों निजी जिंदगी में दर्द से गुजर रही हैं। स्टेज 2 लिवर कैंसर से लड़ रहीं दीपिका ने जहां सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के बाद टीवी से ब्रेक ले लिया था, वहीं अब खबर है कि वह छोटे पर्दे पर कमबैक कर सकती हैं। यही नहीं, खास खबर ये है कि ससुराल सिमर का और कहां हम कहां तुम फेम एक्ट्रेस इस बार विवियन डीसेना के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। हाल ही एक इंस्टाग्राम लाइव के दौरान, दीपिका ने काम पर वापस लौटने के बारे में खुलासा किया था। वह एक फैन के सवाल का जवाब दे रही थीं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने डॉक्टर से भी पूछा था कि वह टेलीविजन पर कब वापसी कर सकती हैं। दीपिका ने बताया कि वह कमबैक का प्लान बना रही हैं। वह चाहती हैं कि जब उनका बेटा रुहान स्तनपान बंद कर देगा, तब वह वापसी करेंगी। दीपिका ने यह भी बताया कि वह पर्दे पर लौटने से पहले अपनी फिटनेस पर काम करेंगी। हालांकि, फिलहाल, कैंसर का पता चलने से उनकी प्लानिंग में सबकुछ बदल गया है।



### विवियन डीसेना को भी किया संपर्क!



इस बीच, खबरें ये भी हैं कि रवि दुबे और सरगुन मेहता के प्रोडक्शन हाउस ने दीपिका कक्कड़ से एक नए शो के लिए संपर्क किया है। दिलचस्प बात यह है कि मधुबाला - एक इश्क एक जुनून और बिग बॉस फेम विवियन डीसेना को भी इस शो के लिए अप्रोच किया गया है। यानी अगर सब ठीक रहा तो दीपिका और विवियन की जोड़ी एक नए टीवी सीरियल में नजर आएगी।



# तलाक और सेपरेशन का दौर मुश्किल था, मगर बीत गया

महज 17 साल की उम्र में याद रखेगी दुनिया से अपने करियर का आगाज करने वाली अभिनेत्री रुखसार रहमान के करियर में एक ब्रेक जरूर आया, मगर अभिनय की दूसरी पारी में उन्होंने डी, गॉड तुस्सी ग्रेट हो, सरकार, पीके, उरी, 83 जैसी कई फिल्मों में काम किया। एक डिवोर्स और एक सेपरेशन से गुजर चुकीं रुखसार अभिनेत्री आयशा अहमद की सिंगल पैरेंट हैं। जल्द ही उन्हें चैट शो द वेदाज़ स्पीक अवर स्प्रिचुअल में बतौर होस्ट देखा जा सकेगा।

**आपका एक डिवोर्स और फिर दूसरा सेपरेशन, इन दोनों रिश्तों के समय आपने अपनी जिंदगी को कैसे हैंडल किया?**

जब आप किसी रिश्ते में होते हैं, तो उससे आपको इमोशनल जुड़ाव तो होता ही है। जाहिर-सी बात है आप इमोशनली तो टूट ही जाते हैं, वो मेरे साथ भी हुआ। लेकिन ऊपर वाले का शुक्र है कि मेरे साथ मेरी बेटी आयशा (उनकी अभिनेत्री बेटी आयशा अहमद) और उसके दोस्त थे। मेरे अपने दोस्तों और परिवार ने बहुत हिम्मत दी। फिर वक्त एक ऐसा मरहम है, जो हर जख्म को भर देता है। ये बात अलग है कि कभी -कभी बहुत तकलीफ होती है, हर चीज की, मगर हम जीना नहीं छोड़ते। निजी जिंदगी में वो दौर मुश्किल था, मगर मैं सोचती हूं कुछ भी हमेशा एक जैसा नहीं रहता। उसी सोच ने आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

**बेटी आयशा के साथ सोशल मीडिया पर आपके पोस्ट काफी वायरल होते रहते हैं, एक सिंगल पैरेंट होना आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण है?**

हम लोग तो सोशल मीडिया पर क्या ही करते रहते हैं। हम लोगों की बॉन्डिंग बहुत अच्छी है। मुझे अपनी बेटी पर गर्व है, जो कुछ आज वो बन पाई है। वो बहुत ही प्यारी बेटी है। मैं भी काफी अमेजिंग मां हूं। वो मुझे सोशल मीडिया पर फैशन के अलग-अलग ट्रेंड के बारे में बताती रहती कि ये पैंट्स या मेकअप इन है। ये पहनो, ये मत पहनो। एक सिंगल पैरेंट होना मेरे लिए जरा भी मुश्किल नहीं है, क्योंकि एक पॉइंट के बाद आपको आदत पड़ जाती है। हां तकलीफ तब होती थी, जब मैं शूट करती होती और वो बीमार हो जाया करती थी। तब मैं बहुत बेचैन हो जाती थी। उससे मिलने जाती थी।

**क्या ये सच है कि मात्र 15 साल की उम्र में आप सनम बेवफा में सलमान खान की हीरोइन बनने वाली थीं? मगर निर्देशक के साथ स्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट के कारण आपने फिल्म छोड़ी?**

ये बहुत पुरानी बात हो गई है, मगर ये सच है कि वो कॉन्ट्रैक्ट कुछ अलग ही था। हालांकि अब तो वो लोग रहे भी नहीं। पर उसमें कुछ ऐसे क्लॉज थे, जो मेरे पैरेंट्स को नागवार थे और उन्होने उस पर साइन नहीं किया था। मैं तो माइनर थी उस वक्त, तो मेरे पैरेंट्स ही मेरा काम देखते थे। मेरे पिता आईएएस अफसर थे, तो उन्हें समझ थी कि इसका मुझ पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। उस फिल्म में जब दूसरी अभिनत्री चांदनी को लिया गया।

**आपको लगता है कि सलमान खान के साथ आपने अपना फ़िल्मी सफर शुरू किया होता, आज आपका करियर कुछ और होता?**

ये तो वही बात हुई, यों होता, तो क्या होता? मगर मैं मानती हूं कि आज मेरे पास जो कुछ भी है, अल्हम्दुलिल्लाह बहुत अच्छा है। मुझे किसी चीज का मलाल नहीं। सालों बाद जब मैंने सलमान के साथ गॉड तुसी ग्रेट हो, में काम किया, तो बहुत मजा आया। वो बहुत अच्छे से मिले। वो बहुत रिस्पेक्ट देते हैं। उनके साथ काम करना यादगार रहा।

**आप स्पिरिचुअल चैट शो की तरफ क्यों आकर्षित हुईं?**

मुझे लगता है अध्यात्म की ओर मेरा हमेशा से झुकाव रहा है। असल में अध्यात्म तो हमारा मूल है। यही वजह है कि जब मेरे निर्माता आजिंक्य इस चैट शो द वेदाज़ स्पीक अवर स्प्रिचुअल का प्रस्ताव मेरे पास लेकर आए तो मुझे ये बहुत जंचा। इसमें वेदों की आध्यात्मिकता को आज के दौर से जोड़ा जाएगा। आज जब हर चीज को ग्रांटेड लेने लगे हैं, तो ऐसे में हम ग्रैटिट्यूड देना भूल गए हैं। यह चैट शो अध्यात्म के कई पहलुओं पर बात करेगा। स्पिरिचुअलिज्म ने मुझे न केवल मजबूत बनाया बल्कि मेरे अंदर सुकून भी दिया।

**आप अन्नू कपूर के साथ उत्तर दा पुत्तर के अलावा राज कुमार संतोषी जैसे निर्देशक के साथ भी फिल्में कर रही हैं, उनके साथ आपका अनुभव कैसा रहा?**

अन्नू कपूर के साथ काम करना बहुत ही मजेदार रहा। वे बहुत ही शानदार एक्टर हैं। उनका दिमाग बहुत तेज है सेट पर मेरे सीन्स खत्म हो जाने के बावजूद मैं शूटिंग पर मौजूद रहती थी, ताकि उन्हें ऑब्जर्व कर सकूं। उनके पास अपने अपने क्राफ्ट का गहरा अनुभव है, तो जब आप उन जैसे सीनियर एक्टर के साथ काम करते हैं, तो आपको बहुत कुछ सीखने मिलता है। राजकुमार संतोषी जी के साथ मैं जो फिल्म कर रही हूं, उसके बारे में ज्यादा बता नहीं सकती। मगर बहुत गर्व हो रहा है।

# सावित्री बाई फुले अवार्ड, जिला अस्पताल में डीप फ्रीज भेंट

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** संतरा देवी बागड़ी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यहां एनएच 52 पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में गुरुवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सावित्री बाई फुले अवार्ड 2025, हरियालों राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण, सरकारी जिला अस्पताल को डीप फ्रीज भेंट, छात्रावास के तीसरे चरण के निर्माण कार्य के शुभारंभ व प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ, अनुशासित व एकजुट समाज ही विकास उन्नति कर सकता है। शेखावाटी के सिद्ध संत व चंचल नाथ टीला आश्रम पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सानिध्य में गुरुवार को संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती बागड़ी की 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ




अधिकारी रेवेन्यू बोर्ड अजमेर की सदस्य मंडावा हाल जयपुर निवासी कमला आलडिया, सीकर डाइट की प्राचार्या जिला शिक्षा अधिकारी सीकर निवासी किरण सैनी, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बलारां की व्याख्याता लक्ष्मणगढ़ निवासी अलका शर्मा, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगानेर की व्याख्याता श्रीडूंगरगढ़ हाल जयपुर निवासी हेमलता सैनी को सावित्री बाई फुले अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया जबकि 102 सैनी समाज की प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी ने की। जबकि ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी उपाध्यक्ष इन्द्रपाल धूपिया, राजकुमार कम्मा, कोषाध्यक्ष प्रेमप्रकाश बागड़ी, रामगोपाल कटारिया, हर्ष बागड़ी, मयंक कम्मा के नेतृत्व अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के मंत्री पत्रकार बाबूलाल सैनी स्वागत भाषण, अतिथि परिचय प्रस्तुत करते हुए ट्रस्ट की गतिविधियों से अवगत कराया।कमला आलडिया, शिक्षाविद किरण सैनी, शिक्षाविद अलका शर्मा, शिक्षाविद हेमलता सैनी का मोतियों की माला पहनाकर, श्रीफल, चांदी की कलम भेंट कर शाल ओढ़ाकर, साफा पहनाकर व अभिनंदन पत्र भेंट कर बागड़ी स्मृति सावित्री बाई फुले अवार्ड 2025 से नवाजा गया। अभिनंदन पत्र का वाचन उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी, व्याख्याता जयप्रकाश सिंगोदिया दिलीप सैनी, शिक्षक सुशील चुनवाल ने किया। उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कुमार लखोटिया, भगवान दास तोदी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नगेन्द्र सिंह नाथावत, जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार, विधुत निगम के सहायक अभियंता अमित राणा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार कस्वां, पुलिस सब- इंस्पेक्टर सुनिता सैनी, नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमार कुमावत, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ मोहन भोगे, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता डीपी सैनी, आयकर विभाग के सेवानिवृत्त कमिश्नर महावीर सिंह चौहान, नायब तहसीलदार भवानी शंकर शर्मा, समाजसेवी भामाशाह जगदीश तंवर जयपुर, बनवारी लाल इंदौरिया जयपुर, रामप्रसाद राकसिया जयपुर, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान जयपुर के महामंत्री पूनमचंद कछावा महावीर प्रसाद गौड़ श्रीडूंगरगढ़, पृथ्वीराज गौड़ रामगढ़ शेखावाटी, रामगोपाल राकसिया सीकर, आनंद कुमार टाक सीकर, सीकर नगरपरिषद की पूर्व सभापति प्रतिनिधि मंगलचंद तुनवाल, विष्णु सिंगोदिया सीकर महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान सीकर के सचिव डॉ ओपी सैनी, पुरूषोतम सैनी, नेमीचंद इंदौरिया सीकर मंचस्थ अतिथि रहे। इससे पूर्व संस्थान की ओर से कार्यक्रम में अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक व सार्वजनिक संस्थाओं, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## ओंकारेश्वर महादेव के 721 लीटर शुद्ध गंगाजल से होता है महीने भर सहस्त्रघट

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** भगवान भोलेनाथ के अतिप्रिय सावन के महीने में शिवालयों में जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, सहस्त्रघट होना एक आम व खास बात है। मान्यता है कि सहस्त्रघट करने से भगवान भोलेनाथ अति प्रसन्न होते हैं ओर अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। नरैना के रेलवे स्टेशन मोदानी नगर स्थित श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में रमते राम तपस्वी दादूपंथी संत पूरणदास महाराज के निर्देश पर उनके अनन्य सेवक शिवभक्त रामचरण-चन्द्रकांता परवाल के कुशल नेतृत्व में गत 13 वर्ष से रामपुरा(हरमाड़ा) निवासी पंडित चंद्रशेखर शास्त्री के आचार्यत्व में लगभग एक दर्जन अन्य विद्वान पंडितों के सहयोग से श्रावण मास में अनवरत मासिक सहस्त्रघट आयोजन जारी है। जहां अन्य शिवालयों में शिवभक्त नाममात्र के गंगाजल से जलाभिषेक-रूद्राभिषेक-सहस्त्रघट आदि धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, वहीं शिवभक्त रामचरण परवाल मशीन से फिल्टर किया हुआ मिट्टी रहित शुद्ध गंगाजल हरिद्वार से दूध की बड़ी 40 लीटर वाली केन में मंगवाकर उक्त गंगाजल का उपयोग मासिक सहस्त्रघट के दौरान प्रतिदिन विभिन्न यजमान श्रद्धालु द्वारा किया जाता है। सर्वविदित है कि भगवान भोलेनाथ की जटाओं में मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। श्रावण मास में भगवा वस्त्र धारण कर कांवड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगाजल जबकि हरिद्वार से कांवड़ लेकर नहीं आने वाले अपने आसपास अन्य जगहों पर स्थापित पौराणिक जलाशयों/झीलों से कांवड़ लाकर जलाभिषेक करते हैं। सनातन धर्म में गंगाजल का बहुत बड़ा महत्व है।ऐसे में जलाभिषेक-रूद्राभिषेक-सहस्त्रघट जैसे धार्मिक अनुष्ठानों में शुद्ध व पवित्र गंगाजल की अधिकता हो तो भगवान भोलेनाथ को अतिशीघ्र प्रसन्न किया जा सकता है।

## ब्लॉक सवाई माधोपुर के ई-ग्राम प्रभारियों को दिया प्रशिक्षण




जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना के अर्न्तगत ई-ग्राम प्रभारियों को कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सवाई माधोपुर सभागार में ब्लॉक साख्यिकी अधिकारी अतुल गोयल द्वारा उप जिला कलक्टर एवं उपखण्ड ई-ग्राम परियोजना प्रभारी अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक साख्यिकी अधिकारी अतुल गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना के अन्तर्गत प्रत्येक गाँव में राजकीय सेवाओं एवं सरकारी सुविधाओं की स्थिति और ग्रामीण जनता द्वारा उनके उपयोग को किसी भी समय ऑनलाईन मॉनिटरिंग करने के लिए सरकार द्वारा ई-ग्राम प्रणाली विकसित की गई है। प्रशिक्षण के दौरान समस्त ई-ग्राम प्रभारियों को ग्राम स्तर पर संचालित राजकीय सेवाओं एवं सरकारी सुविधाओं की स्थिति को वार्षिक प्रपत्र (ईजी-1 2025-26) में भरकर 10 अगस्त तक ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय सवाई माधोपुर में जमा करवाने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण में सांख्यिकी निरीक्षक संगीता मीना, संगणक मनोज कुमार मीना, संगणक गोवर्धन मीना एवं सभी ई-ग्राम प्रभारी उपस्थित रहे।

## हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पौधरोपण कर लक्ष्य अर्जित करें- सीएमएचओ

### हरियालो राजस्थान अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर 76 वां जिला स्तरीय वन महोत्सव मनाया जाकर पौधारोपण लक्ष्य अर्जित किया जायेगा।

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि विभाग को हरियालो राजस्थान कार्यक्रम अन्तर्गत अस्सी हजार पौधारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है जिस के अनुसरण में सभी चिकित्सा संस्थानो पर पौधारोपण किया जा रहा है। और पौधरोपण के शेष लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग के समस्त कार्मिक नियमित, संविदा, आशा वर्कर को प्रत्येक कार्मिक को 30 पौधे लगाने का लक्ष्य आवंटन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि अपने आंवटित लक्ष्य 30 पौधे का लक्ष्य अर्जित कर सूचना भिजवाए व यदि 100 पौधे एक साथ लगाये जाते है तो क्लस्टर में फोटो कैप्चर कर हरियालो ऐप पर अपलोड करे तथा सभी एकल पौधरोपण की जिओ टेंगिग कर हरियालो ऐप में सेव करे। लक्ष्य अनुसार पौधारोपण के लिये स्थान चिन्हित कर आवश्यकतानुसार पौधारोपण के गड्ढे तैयार करवा कर नर्सरी से पौधे प्राप्त कर आवंटित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जाने के लिये दिशा निर्देश प्रदान किये गये है।

## लोसल उपजिला अस्पताल में मेडिकेयर रिलीफ़ सोसायटी की बैठक

# विधायक गोरधन वर्मा ने अस्पताल की व्यवस्थाओ को लेकर दिए दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स

**लोसल(निस)।** उपजिला अस्पताल में शुक्रवार को मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक हुई जिसमें अतिरिक्त जिला अधिकारी रतनलाल, धोद विधायक गोर्वधन वर्मा और उपजिला अस्पताल प्रभारी अशोक वर्मा की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मौजूदा लोगों ने विधायक को अस्पताल की समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने समस्याओ को लेकर बारीकी से अस्पताल प्रभारी से ली जानकारी और उचित दिशा निर्देश जारी किए। वही मौजूद लोगो ने कहा कि जो यहां पर एक गायनिक डॉक्टर को लगा रखा है वो काफी समय से अपनी सीट से नदारद है जिसको लेकर जब विधायक ने प्रभारी से पूछा तो प्रभारी ने कहा कि जो गायनिक डॉक्टर है उसने चाइल्ड केयर नियमानुसार छुट्टी ले रखी है। विधायक ने स्टाफ के रूटीन काम को लेकर भी प्रभारी से पूछा प्रभारी ने कहा कि सुविधानुसार स्टाफ को ड्यूटी रूटीन दिया जाता है। जिला परिषद सदस्य रणवीर सिंह बिजारणियां ने विधायक से कहा कि जो अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट लगा हुआ है उसका कनेक्शन नही हुआ। प्रभारी ने कहा कि जो ऑक्सीजन प्लांट लगा हुआ है उसका कनेक्शन पुराने वाले वार्ड हो रखा है



लेकिन वर्तमान में जो वार्ड है, उसमें नही हुआ है क्योंकि कुछ समय बाद अस्पताल के नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा अस्पताल तो सब वही शुरू किया जाएगा और एमरजेंसी के लिए अस्पताल में ऑक्सीजन के लिए उपकरण उपलब्ध है। अतिरिक्त जिला अधिकारी ने कहा कि अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखना चाहिए और अगर कही गंदगी हैं तो नगर पालिका प्रशासन से स्वय मिलकर नरेगा टीम को यहां लगवाकर सफाई करवाओ जिससे और बीमारियां ना फैले। अस्पताल प्रभारी ने डॉक्टरो की समस्या बताते हुए कहा कि वर्तमान में जो डॉक्टर लगे हुए हैं उनके लिए रहने की पर्याप्त व्यवस्था नही है जिसके कारण भी कई बार अवस्था हो जाती है। लोसल नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष गोविंदराम बिजारणियां ने सीबीसी जांच मशीन को लेकर विधायक को अवगत करवाया था, जिसके बाद विधायक ने जांच मशीन उच्च क्वालिटी की खरीदने के लिए कहा और जो भी पैसा लगेगा वो विधायक कोष से हो जाएगा। सोनोग्राफी मशीन को लेकर भी चर्चा हुई लेकिन अस्पताल प्रभारी ने कहा कि सोनोग्राफी मशीन राज्य सरकार से सेंशन तो हो गई लेकिन यहां अभी आई नही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष जोधराज रैगर ने भी अस्पताल की व्यवस्थाओ को लेकर विधायक को अवगत कराया। बैठक में पंसारी ट्रस्ट के सदस्य महावीर पंसारी ने भी नए भवन को लेकर कहा कि जल्द भवन निर्माण कार्य होगा और पंसारी ट्रस्ट की ओर से भवन को आपके हाथ सौंप दिया जाएगा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल सामने आया कि अस्पताल कोष में सिर्फ 11 हजार रुपए है तो कैसे चलेगा, उपजिला अस्पताल कोष को लेकर बात सामने आई तो विधायक ने प्रभारी से कहा कि स्थानीय भामाशाहो का सहयोग लो सभी से मिलो तभी कुछ हो पाएगा और विधायक ने कहा कि ये अस्पताल हम सबका है, इस लिए हम सबको इसकी व्यवस्थाओ को लेकर ध्यान रखना चाहिए। विधायक व अतिरिक्त जिला अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नए भवन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस भवन को तैयार होने में समय और लग सकता है। विधायक ने अस्पताल प्रभारी को कहा जो भी कमियां है उनको सुधारों जिससे मरीजों को लाभ मिले और जो भी राज्य सरकार की स्वास्थ्य को लेकर योजनाए है, उसको बताए। बैठक के दौरान शिवराम सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## *नारे क्षेत्र में पैंथर का आतंक, आए दिन मवेशियों के शिकार से ग्रामीण भयभीत*

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत हरदासकाबास के ग्राम नारे क्षेत्र में पैंथर का मूवमेंट होने और कई बार मवेशियों का शिकार कर देने के कारण लोग भयभीत हैं। हालांकि वन विभाग ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। जानकारी के अनुसार नारे ग्राम के पास पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां पिछले कई दिनों से लोगों ने पैंथर का मूवमेंट देखा है। लोगों का आरोप है कि पैंथर शिकार की तलाश में पहाड़ी के नीचे आकर पिछले कई दिनों से कई मवेशियों का शिकार कर चुका है, इसका खौफ कई लोगों को सता रहा है। ग्रामीण गणेश स्वामी ने बताया कि 2 दिन पहले उनकी फॉरेस्टर गाय पहाड़ी की तरफ चरने गई थी तो इनमें से एक गाय का पैंथर पहाड़ी के नीचे उतर कर शिकार कर मार डाला। इससे अब पहाड़ी की तरफ रहने वाले लोग अपने मवेशियों को बाड़े में नहीं बांधकर मकानो के अंदर बाध रहे हैं। लोगों का आरोप है कि इस गांव के पास पहाड़ियां होने और वन विभाग क्षेत्र होने के कारण अधिकतर दोनों पैंथर का मूवमेंट होता रहता है, डर के मारे अब लोग अपने मवेशियों को जंगल की तरफ भी चरने नहीं ले जा रहे हैं। इस संबंध में वन विभाग के कर्मचारी कमलेश शर्मा का कहना है कि वन विभाग पैंथर की कोई पुष्टि नहीं करता है क्योंकि वन विभाग को पैंथर



के पदचिन्ह नहीं मिले जिस कारण इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि यह क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण इन पहाड़ियों में पैंथर हो सकता है लेकिन यह है तो पता तब ही चलेगा जब पैंथर के पद चिन्ह मिलेंगे।

## मतदाताओं के मन में उठे संशय दूर करना हमारी पहली प्राथमिकताः मुख्य निर्वाचन अधिकारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान राज्य में लोकतंत्र की मजबूती और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतगर्त व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण, जनसंपर्क, निगरानी और दस्तावेज संकलन की प्रक्रिया को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने के लिए तैयारियों का जायजा लिया। प्रस्तावित फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेसिव रिविजन) और अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जोधपुर संभाग के संभागीय आयुक्त तथा बालोतरा, बाडमेर, जोधपुर, जैसलमेर, जालोर, पाली, फलोदी के निर्वाचन अधिकारी और अधीनस्थ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वीसी के माध्यम से मौजूद रहे। महाजन ने अधिकारियों को बताया कि साधारण मतदाताओं की जिज्ञासाओं और प्रश्नों को ध्यान में रखते हुए हमने अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न बनाए हैं जिन्हें अगले सप्ताह सारे जिलों को भेज दिए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि आप इन प्रश्नों के उत्तर अच्छी तरह से आत्मसात कर ले ताकि लोगों में संशय पैदा नहीं हो। सभी पार्टी के सदस्यों को भी इसको विस्तार से समझाने की जरूरत है। युवा वोटर को टारगेट करने की जरुरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि अगर हम ऑनलाइन माध्यम से




फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करते हैं तो बी एल ओ को ज्यादा फिजिकल फॉर्म भरने की जरूरत नहीं होगी तथा यह हमारे समय की बचत भी करेगा। हॉस्पिटल, सार्वजनिक स्थानों स्कूल कॉलेजों और हेल्प डेस्क लगाने पर बल देते हुए उन्होने कहा कि हेल्प डेस्क पर सक्षम व्यक्तियों की नियुक्ति होनी चाहिए जो कि नियमानुसार जबाव दे। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि बूथ रिऑगनाइज करने का मुद्दा बहुत संवेदनशील है। उसमें राजनैतिक दलों के समक्ष पूरी पारदर्शिता रखने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस क्रम में 2 जुलाई 2025 को सभी नामित मास्टर ट्रेनर, डिप्टी डीईओ व ईआरओ को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। 3 से 15 जुलाई के बीच सभी बीएलओ को छोटे–छोटे बैचों में ट्रेनर दी गई। 16,18 व 21 जुलाई 2025 को सभी जिलों से 271 मास्टर ट्रेनर को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

## चिकित्सा अधिकारी बनी ग्राम चतुर्भुज की डॉ. मीना गुर्जर

**कोटपूतली(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम पंचायत चतुर्भुज निवासी 23 वर्षिय डॉ. मीना गुर्जर ने चिकित्सा अधिकारी बनकर अपने माता-पिता, परिवार व गांव का नाम प्रदेश भर में रोषन किया हैं। डॉ. मीना का चयन हाल ही में राज्य सरकार द्वारा घोषित किये गये चिकित्सा अधिकारी के पद पर हुआ हैं। जल्द ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें पोस्टिंग दी जायेगी। जेसीबी मशीन के संचालन की ठेकेदारी करने वाले रामेश्वर भरगड़ की पुत्री डॉ. मीना गुर्जर की सफलता उच्च षिक्षा की तैयारी कर रही बालिकाओं के लिये बेहद प्रेरणादायक हैं। डॉ. मीना जहां अपने पहले प्रयास में ही चिकित्सा अधिकारी पद पर चयनित हुई हैं, वहीं मेडीकल प्रवेश परीक्षा में भी उन्होंने पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की थी। उन्होंने बताया कि अगर मार्गदर्शन सही मिले तो सफलता की सीढ़ियां सरल हो जाती हैं, मुझे मेरी एक छोटी सी ढ़ाणी भरगड़ान, चतुर्भुज का नाम रोशन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा में कभी भी पीछे नहीं रखना चाहिये, उनको हरसंभव प्रयास करके सफलता का मार्ग प्रदान करें, ताकि वे आगे बढ़कर अपने गाँव व शहर का नाम रोशन कर सकें। बेटियों को भी उनकी क्षमता अनुसार अवसर प्रदान कर उनके सपनों को साकार करने का मौका दें। डॉ. मीना ने कक्षा 08 वीं तक की पढ़ाई ग्राम चतुर्भुज के राजकीय विधालय से करने के बाद कक्षा 09 से 12 वीं तक की षिक्षा बानसूर रोड़ स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय से प्राप्त की। वहीं अपने प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर राजधानी जयपुर के एसएमएस मेडीकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई की।

## आमजन अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बने- प्रियंका गोस्वामी

**कोटपूतली (निसं.)**हरियालों राजस्थान एवं मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर 27 जुलाई रविवार को जिले में विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में कृषि महाविद्यालय पाथरेड़ी में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिसमें 1500 पौधों का सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। हरियाली तीज के अवसर पर जिले भर में करीब 03 लाख पौधे लगाये जाने का लक्ष्य हैं। अभियान को लेकर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने तैयारियों की समीक्षा की। कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को लक्ष्यों के अनुरूप पौधरोपण करते हुये अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुये राज्य सरकार ने हरियालों राजस्थान महा अभियान शुरू किया है। इसी के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार एवं आमजन को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के लिये राज्य भर में वन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने आमजन से कार्यक्रम में भागीदारी लेने की अपील करते हुये कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर विशेषकर महिलाये यथासंभव परम्परागत लहरिया परिधान पहनकर वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागी बने। जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के लक्ष्य तय कर पौधरोपण के लिये गड्ढे खुदवाने, पानी की व्यवस्था करने सहित अन्य जरूरी तैयारियां समय पर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वन विभाग की नर्सरियों में पर्याप्त पौधे उपलब्ध हैं

# इंटर्नशिप एक अवसर विषय पर सेमिनार



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सोभासरिया ग्रुप में भारतीय डाक बैंक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के तत्वावधान में "इंटर्नशिप अवसर" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अमित कश्यप, प्रबंधक शेखावत व पंकज श्रीवास्तव ने बैंक का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सोभासरिया कॉलेज प्राचार्या डॉ हर्षिता गर्ग के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने भारतीय डाक बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज को इंटर्नशिप पार्टनर के रूप में चुनना विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। मुख्य वक्ता अमित कश्यप व शेखावत ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि बैंक में वर्तमान में मार्केटिंग, सेल्स, एच.आर. और ऑपरेशन्स जैसे क्षेत्रों में इंटर्नशिप के उत्तम अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छी इंटर्नशिप ही सफल प्रोफेशनल जीवन की नींव होती है। इस अवसर पर ग्रुप प्राचार्य डॉ. एल. सोलंकी, ग्रुप रजिस्ट्रार प्रदीप शर्मा, लॉ कॉलेज की उप प्राचार्या डॉ. रुचि शर्मा, प्रो. डॉ. विकास बहादुर सक्सेना, प्रो. प्रीतम लाटा, प्रो. निशांत माथुर, प्रो. भीमचंद कुमावत सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। सेमिनार के अंत में बीबीए, बीसीए व अन्य विभागों के छात्रों ने बड़ी संख्या में इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया, जिससे विद्यार्थियों में इस पहल के प्रति उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया। वोट ऑफ थैंक्स कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ महेश शर्मा ने प्रस्तुत किया। उन्होंने इस पहल को शिक्षा व उद्योग के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।सेमिनार का मंच संचालन बीबीए प्रोग्राम के विभागाध्यक्ष प्रो. डी. सी. कुमावत ने किया।

# रेडक्रोस व नवभारत सेवा ट्रस्ट ने एक पेड़ मां के नाम रोपा




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** हरियाली अमावस्या पर नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट ने मुस्कराहट के साथ सेवा भाव दिखाया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की प्रेरणा से कामधेनु 36 कॉम नंदी गौशाला, जाखा नगर के सहयोग से 11 फीट का पीपल का पेड़ रोपा गया। गोवंश को नारियल के गोटे, हरी सब्जियां, रोटियां और आयुर्वेदिक गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया गया। ट्रस्ट संरक्षक और पूर्व पार्षद गोविंद राठौड़ व झुमरलाल गर्ग ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक और अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा, जो रेडक्रॉस सोसायटी के चार्टर अध्यक्ष भी हैं, उनके और सदस्यों के सेवा कार्यों से प्रेरित होकर रोटरी बालाजी जोधपुर ने गोवंश के लिए नारियल गोटे के पांच कट्टे और एक कट्टा गुड़ भेंट किया। यह सामग्री मेवाड़ा ने अपने हाथों से गौशाला में गोवंश को खिलाई। गौशाला अध्यक्ष किशोर भाटी और उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल ने मेवाड़ा के सेवा कार्यों की सराहना की। रोटरी बालाजी जोधपुर का आभार जताया। संस्थापक मेवाड़ा ने बताया कि यह सेवा कार्यों का ही परिणाम है कि रोटरी बालाजी ने गोवंश के लिए पोषक नारियल गोटे और गुड़ प्रदान किया। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 11 फीट का पीपल का पौधा भी लगाया गया। सेवा कार्य में गोविंद राठौड़, झुमरलाल गर्ग, प्रियंका मेवाड़ा, किशोर भाटी, लालचंद अग्रवाल, रूपराम माली, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, प्रहलाद राजपुरोहित, संजय सोलंकी और गौशाला के कर्मचारी शामिल रहे।

# स्वर्ण व रजत पदक विजेता केडेट्स को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तीन कैडेट्स की ओर से अलवर के बेसिक लीडरशिप कैंप में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व रजत पदक जीतकर लौटने पर महाविद्यालय में सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि 15 जुलाई से 24 जुलाई तक अलवर में आयोजित बेसिक लीडरशिप कैंप में 3 राज बटालियन एनसीसी सीकर की तरफ से भगवानदास तोदी महाविद्यालय के कुल तीन एनसीसी कैडेट्स सार्जेंट हर्षिता राठौड़, सार्जेंट अजय राज सिंह और कैडेट भागीरथ सिंह का चयन हुआ। सार्जेंट हर्षिता राठोड़ ने पायलटिंग, वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पायलटिंग में स्वर्ण पदक तथा वॉलीबॉल में द्वितीय स्थान पर रहकर रजत पदक हासिल किया। इसी प्रकार रस्साकस्सी प्रतियोगिता में सार्जेंट अजय राज सिंह और कैडेट भागीरथ सिंह ने भी स्वर्ण पदक हासिल कर एनसीसी यूनिट और महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य डॉ. एन.एस. नाथावत ने एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) नरेश कुमार वर्मा और सभी एनसीसी कैडेट्स को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल आज सालासर आएंगे

**चूरू(निस)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल शनिवार को सालासर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री कन्हैयालाल शनिवार को सांय 7 बजे मौलासर, डीडवाना कुचामन से प्रस्थान कर सालासर पहुंचेंगे और सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर सांय 07.30 बजे सालासर से नागौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# विधिक साक्षरता क्लब के माध्यम से अंतरविद्यालय प्रतियोगिताएं आयोजित




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला व सेशन न्यायाधीश) रविन्द्र कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित श्रीजैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय में विधिक जागरूकता क्लब के द्वितीय चरण अंतर्गत वाद-विवाद, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, लक्ष्मीपत सिंघानिया अकादमी बिसाउ, केशर देवी सोती सीनियर सैकण्डरी स्कूल, सीजेआरएम पब्लिक स्कूल, राजकीय सैठ एलएन बागला गर्ल्स सकूल, पीएमश्री राजकीय बागला स्कूल, गीतांजली पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, राजकीय गोपीराम गोयनका सीनियर सैकण्डरी स्कूल व लिटिल फ्लॉवर स्कूल के कक्षा 8 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु आरजेएस सौरभ बंसल व आकांक्षा सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में असिस्टेंट एलएडीसीएस प्रकाष वर्मा व प्रियंका, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह राठौड़ मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ शरद कुमार व्यास ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 11 विद्यालयों के 82 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय 'क्या सोशल मीडिया समाज के लिए हनिकारक है', भाषण प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता का विषय 'अपशिष्ट प्रबन्धन' व निबंध लेखन का विषय 'सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव' पर केन्द्रित रहा। उन्होंने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में जया राठौड़ प्रथम, नव्या शर्मा द्वितीय, दीपिका पापटान व भारती तृतीय, वाद - विवाद प्रतियोगिता में जया राठौड़ प्रथम, रिचा व आकृति द्वितीय, फ्रेया सिंह तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में तनिशा प्रथम, रेखा भाटी द्वितीय, प्रांजल गोयनका तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता में लक्षिता कुमावत प्रथम, निशि गुप्ता द्वितीय, आरती रणवां तृतीय स्थान पर रही। इस मौके विद्यालयों से रमेश कुमावत, यशस्विनी झां, प्रकाश सैनी, सुमन नैण, शैलेष कुमार, आशुतोष गांगुली, विजय शर्मा, रामजीलाल गिल, पवन जोशी व मंजू शर्मा आदि प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहें। सचिव डॉ व्यास ने बताया कि इस क्लब के माध्यम से छात्रों को बुनियादी विधिक जानकारियां उपलब्ध करवाए जाने के लिए विद्यालयी स्तर पर सप्ताहिक व अंतर-विद्यालय स्तर पर द्वैमासिक रूप से विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों का आयोजन किया जाकर छात्रों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। आगामी प्रषिक्षण कार्यक्रम का रोस्टर के अनुसार अंर्तविद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन 17 सितंबर को सीजेआरएम पब्लिक स्कूल, गाजसर में किया जाएगा।

# धोद विधायक वर्मा व प्रधान प्रतिनिधि रणवां ने लिया पौधारोपण व्यवस्थाओं का जायजा



जयपुर टाइम्स

**लोसल(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत मंडावरा में मुख्यमंत्री पौधरोपण महाअभियान जिलास्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार हरियाली अमावस्या को किया जाएगा। इस विशाल पौधरोपण महायज्ञ का आगाज मंडावरा सरपंच प्रतिनिधि रामदेव सिंह रेपसवाल की अध्यक्षता मे किया जाएगा। पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धोद विधायक गोवर्धन वर्मा व धोद प्रधान प्रतिनिधि मूलचंद रणवां ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के साथ एक विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान रामेश्वर सेपट, भंवरलाल नोखवाल, मोहन निराणियां, नाथूराम निराणियां, मदन लाल निराणियां, सीताराम भोडीवाल, लक्ष्मण राम, भागु राम, मंगेज गुर्जर, बजरंग लाल नोखवाल, मंगलराम रेपसवाल, जगदीश गुर्जर, महेश कुमार उपसरपंच, महावीर सेपट, किशोर, रघुवीर, फूलचंद टीम रामदेवसिंह सरपंच जयदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# खान का राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में चयन

**सीकर(निस)।** एन. एच. 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाढर, सीकर के 5 खिलाड़ियों का चयन सीकर जिला फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में हुआ है। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि इसमें से 2 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन हुआ है। फाइनली कक्षा 10 के छात्र नावेद खान का चयन डॉ. बी. सी. रॉय चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 - 26 के लिए होने वाली राष्ट्रीय जूनियर फुटबॉल टीम में हुआ है। इस अवसर पर संस्था निदेशक रामनिवास ढ़ाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र सिंह व शांति प्रसाद नेगी ने टीम व कोच को बधाई प्रेषित की।

# जिला स्तरीय वन महोत्सव कल

जयपुर टाइम्स

**सीकर(एम.सादिक)।** जिला प्रशासन व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय वन महोत्सव रविवार को प्रातः 10.15 बजे शाली दादी का तालाब, शिव सागर, ग्राम पंचायत मण्डावरा (सीकर) में मनाया जाएगा। उप वन संरक्षक गुलजारी लाल जाट ने यह जानकारी दी।

# नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर 30 को

**नांवासिटी(निस)।** मारोठ कस्बे में शंकरा आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के आर्थिक सहयोग से मानव सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट मारोठ व लायंस क्लब कुचामन फोर्ट के संयुक्त प्रयास से मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण चिकित्सा शिविर का आयोजन 30 जुलाई, को किया जाएगा। यह शिविर जैन पाठशाला, मारोठ में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम की ओर से निशुल्क नेत्र जांच की जाएगी।

# अभिभाषक संघ ने किया पौधारोपण

**बीदासर(निस)।** सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट के कार्यालय परिसर में शुक्रवार को न्यायिक अधिकारी सरिता कायत की अध्यक्षता में अभिभाषक संघ की ओर से पौधारोपण किया गया। न्यायिक अधिकारी सरिता कायत ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाते हैं, हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर को हरा-भरा व साफ-सुथरा रखने, पेड़-पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष रघुवीर भामू, संरक्षक दीनदयाल प्रजापत, परमानन्द बिजारणिया, गोविन्द जाखड़, तिलोक पिलानिया, अख्तर सोलंकी, राधाकिशन धेडू, इरफान सोलंकी, श्रवण कुमार, राधेश्याम ने पौधारोपण किया।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. निर्माण खण्ड, जयपुर

कमांक- 787 — दिनांक - 24-07-25

**अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या 16 / 2025-26**

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से विभिन्न प्रकार के कार्यो की निविदाएं इच्छुक संवेदको से दिनांक 29.07.2025 प्रातः 9.30 बजे से 30.07.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं का विस्तृत विवरण एसपीपीपी पोर्टल (http://eproc.rajasthan.gov.in/ & www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता है।
UBN No. :- PWD2526SSOB07992

(ए.एन रावत)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. निर्माण खण्ड जयपुर

DIPR/C/10468/2025

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड - चाकसू

क्रमांक- 725 — दिनांक- 25.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 11 / 2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय का नाम | : | अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड - चाकसू |
| 2 | निविदा के कुल कार्य | : | 02 कार्य |
| 3 | निविदा की कुल राशि | : | रू. 9.67 लाख |
| 5 | फार्म मिलने की तारीख | : | 25.07.2025 (सांय 2.00 बजे तक) |
| 6 | निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | : | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6 (5) / वित्त/ साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ईग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा । 1. धरोहर राशि शुल्क- 8443-00-108-00-00 2. निविदा शुल्क -0075-00-800-52-01 |
| 7 | ई-ग्रास पर चालान बनाने के लिये कार्यालय की आई.डी न. | : | 32826-XEN PWD DIVISION - CHAKSU |
| 8 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | : | 26.07.2025 (सांय 3.30 बजे तक) |
| 9 | निविदा खोलने की तारीख | : | 26.07.2025 (सांय 4.00 बजे से) |

UBN NO:- Sr No. 1 - PWD2526WSOB08085
Sr No. 2- PWD2526WSOB08088

भवदीय,
अधिशाषी अभियंता,
सा.नि.वि., खण्ड चाकसू

DIPR/C/10495/2025

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक- डी- 485-95 — दिनांक- 18/07/2025

**निविदा सूचना संख्या- 10 / 2025-26 खण्ड तारानगर**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला - चूरू में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत् सड़क किनारे वृक्षारोपण हेतु कुल 9 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A2088 के UBN No. निम्न प्रकार है-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526SSOB07552 | 2 | PWD2526SSOB07553 |
| 3 | PWD2526SSOB07556 | 4 | PWD2526SSOB07557 |
| 5 | PWD2526SSOB07559 | 6 | PWD2526SSOB07561 |
| 7 | PWD2526SSOB07563 | 8 | PWD2526SSOB07564 |
| 9 | PWD2526SSOB07565 | | |

(विजय प्रताप स्वा)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड तारानगर

DIPR/C/10397/2025

# कांग्रेसियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** किसानों की जमीन संबंधित जुड़ी समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर समाधान की मांग उठाई। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे लगभग 15 किलोमीटर लंबी जवाई नहर आई हुई है जो सांडेराव गोल तालाब से पाली तक जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग और पश्चिम दिशा की जमीनों के बीच में जो जवाई नहर की भूमि आई हुई है वह लगभग 75 फीट चौड़ाई में है और नहर लगभग 10 से 15 फीट गहरी है। जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग से उन पश्चिम दिशा की जमीनों का सीधा संबंध नहीं है। वहीं जमीनों के अंदर जाने के लिए हर दो-तीन किलोमीटर के बाद पुल बने हुए हैं, उन पुल से होकर पश्चिम दिशा की ओर की जमीनों में जाने के लिए दो से तीन किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता है। कुल मिलाकर पश्चिम दिशा की तरफ आई हुई जो जमीने है वे हाईवे से किसी भी प्रकार सटी हुई नहीं है जबकि मुख्य हाइवे से सटी हुई जमीनों और नहर के दूसरी तरफ आई हुई जमीनों की डीएलसी दर एक ही रखी गई है जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसान अपनी भूमि बेचना चाहे तो हाईवे की डीएलसी दर सुनकर किए हुए सौदे कैंसिल हो रहे हैं जिससे किसान दुविधा में है। डीएलसी रेट से तो कोई जमीन खरीदने वाला ही नही हैं जबकि वास्तविक बाजार कीमत डीएलसी रेट से आदि से भी कम है। उक्त डीएलसी दरो के कारण सांडेराव, आकदड़ा, बिरामी, बिरामी धाणी, केनपुरा, ढोला जागीर व ढोला शासन गांव के किसान प्रभावित हो रहे हैं। इस समस्याओं को देख कर जिला कलेक्टर पाली को सुमेरपुर सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष सुमेर सिंह, सुमेरपुर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करण सिंह मेड़तिया, सुमेरपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मेवाड़ा, एडवोकेट गणपत सिंह राजपुरोहित, विधानसभा सुमेरपुर के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष ललित परिहार, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव चंद्रकांत मारू, एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष चंपालाल तीर घर सहित कांग्रेस व किसान नेता उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल की बात को ध्यानपूर्वक सुना और सहायक महा निरीक्षक स्टांप व मुद्रांक पाली के साथ स्वयं मौका देखकर उचित निर्णय लेने का भरोसा दिलाते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देकर किसानों की उचित मांग के हित में निर्णय लेने के लिए आश्वस्त किया।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारशहर 331403 (चूरू)

E-mail - cepphedsrdr@gmail.com 201564- 220452 Fax 01564-220452

क्रमांक- अअ / जनस्वा/ निविदा / 2025-26 / 1126 — दिनांक- 16/07/2025

**निविदा सूचना संख्या 08 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो की मोहर बंद निविदायें उचित श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदको / अनुभवी फर्मों से आमन्त्रित की जाकर निविदाएं दिनांक 28.07.2025 तक कार्यालय समय में इस कार्यालय में विक्रय की जाकर दिनॉक 29.07.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 03.30 बजे खोली जावेगी । प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836- X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 0075-00-800-52-01) EMD (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head 8443-00 108-00-00 लोक निर्माण कार्य से संबंधित चालान कि प्रति निविदा के साथ संलग्न प्राप्त होने की स्थिति में ही निविदा विचारणीय होगी। डाक, तार एवं शर्तों सहित निविदाये मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा । निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ( लेटरपेड) के संलग्न रजिस्ट्रेशन पत्र, व नवीनतम जी.एस.टी. पेड चालान कॉपी का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा, अन्यथा प्रार्थना पत्र अस्वीकार्य होगा। ये निविदाएं विभागीय वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्रों के साथ उपरोक्त समस्त दस्तावेज संलग्न करनी होगी अन्यथा निविदाएं विचारणीय नहीं हो सकेगी। निविदा विकय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में सम्पादित की जावेगी ।

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाखो मे | निविदा शुल्क राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 08/2025-26 | Annual Rate Contract of the Preparation of water bill and ledger posting work under division Sardarshjahar. UBN is: PHE2526SSRC04665 Date 16.07.2025 | 04.50 | 500 | 9000 | 12 Month |

जल ही जीवन है– बूंद बूंद संग्रहण योग्य है ।
प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

(रामदेव पारीक)
अधिशाषी अभियन्ता (परि.)
जन स्वा.अभि. विभाग, खंड सरदारशहर

DIPR/C/10221/2025

## कार्यालय ग्राम पंचायत टाई पंचायत समिति मण्डावा (झुन्झुनू )

क्रमाक- ग्रा.प. / ई - निविदा / 2025 - 26/09 — दिनांक - 23.07.2025

**ई-निविदा सूचना 2025-26/01**

ग्राम पंचायत मे संकर्म निर्माण कार्यो को पंचायतराज विभाग नियम 1996 के नियम 181 के अंतर्गत करवाने हेतु इच्छुक संवेदकों से दिनांक 30.07.2025 को सॉय 6.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से संबधित समस्त जानकारी कार्यालय एवं http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है । NIB NO. PMW2526A0005 BN NO. PMW2526WSOB00006 से PMW2526WSOB00008 तक

सरपंच
ग्राम पंचायत टाई

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक: ग्रापं ढढेरू भामूवान/2025-26/97-101 — दिनांक- 25.07.2025

**निविदा सूचना संख्या 06/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | इन्टरलॉक सड़क निर्माण आम गुवाड में कालकाजी मंन्दिर व सार्वजनिक कुए के पास ढढेरू भामूवान | 999000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 25.07.2025 प्रात 10.00 बजे से 31.07.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 31.07.2025दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 31.07.2025दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A0597 UBN No ZCR2526WSOB00963 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान
पं. स. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान
पं. स. बीदासर (चूरू)

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक/ग्रा.प./ खु.नि./ 2025-26 / 91-96 — दिनांक- 23.07.25

**खुली निविदा सूचना संख्या... 05 (वित्तीय वर्ष 2025-26)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवानके अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है । निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है ।

| क.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि रू मे | बोली प्रतिभूमि राशि (रू में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये) में | बोली प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक एवं समय | निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | निविदा खोलने कि तिथी व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान कें समस्त गावों में 05माह हेतु घर-घर आवासीय एवं व्यवसायिक से कचरा संग्रहरण एवं पृथक्ककरण, सड़क दूकानों के आगे सफाई व नाली की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 993448 | 19970 | 200 | दिनांक 23.07.2025 से साय 06.00 बजे सें दिनांक 29.07.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 29.07.2025 समय 02.00 बजे | दिनांक 29.07.2025 साय 04.00 बजे |

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी. डी. / बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे ।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत व्यक्तिशःअथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त ढढेरू भामूवान् कार्यालय से किया जा सकता है ।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी. डी. / बैंकर चैक प्रशासक ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान् के नाम बनाना होगा ।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता/संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान् का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान कार्यालय में जमा करावें ।

**विशेष नोट-**
1. किसी कॉलम को खाली छोड़ने का तात्पर्य उस सूचना को शून्य माना जावेगा। फर्म के जीएसटी रजिस्ट्रेशन दिनांक 31.03.2025 तक का जी.एस.टी बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र आयकर विभाग के पैन कार्ड संलग्न करना आवश्यक
2. तकनिकी निविदा अमानत राशि का डी. डी. सभी वांछित प्रमाण-पत्र व निविदा की हस्ताक्षरित प्रति एक लिफाफे में जिस पर "अ लिखा हो रखी जानी चाहिए। " वितीय निविदा प्रपत्र-ब" पृथक दूसरें बंद लिफाफे में रखा जाना चाहियें। " तकनिकी निविदा प्रपत्र अ" तथा " वितीय निविदा प्रपत्र - ब ' दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखें जावों काय का नाम सभी लिफाफों पर अंकित करे ।

ZCR 2526A0583
ZCR2526SSOB00924

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान
पं. स. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान
पं. स. बीदासर (चूरू)

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
26 जुलाई, 2025

## कुमावत समाज प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** कस्बे के कुमावत मोहल्ले में स्थित शिव मंदिर में द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन लेकर शुक्रवार को श्रवण मारोठिया की अध्यक्षता में श्री क्षत्रिय कुमावत समाज विकास समिति अजीतगढ़ की बैठक आयोजित की गई। समिति अध्यक्ष कमलेश जलिंद्रा ने बताया कि 24 अगस्त को होने वाले द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर कमेटी गठित करके कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में विकास मारोठिया, सागर जलिंद्रा, सांवरमल बासनीवाल, अभिषेक मारोठिया, भवानी घोडेला, अशोक मारोठिया, पप्पू मारोठिया, रामकुमार, गोपाल मारोठिया, हनुमान शौकिल, झाबर तुनदवाल, मनोज मारोठिया, सोहन घोडेला, जय प्रकाश, दीपचंद जलिंद्रा, सुरेश मारोठिया, भंवर जलिंद्रा, नारायण मारोठिया ने इस प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन के लिए अपने-अपने विचार रखें।

## अवैध गांजा जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**लोसल(निस)।** पुलिस के उच्च्य अधिकारियों के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक व थानाधिकारी लोसल सरदारमल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने नाकाबंदी करके गुप्त सूचना के आधार पर संगठित अपराधों पर बडी कार्यवाही को अंजाम दिया। मादक पदार्थो के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत देर रात लोसल पुलिस ने 4 किलों 258 ग्राम गांजा जप्त किया। मौके से ही तीन मुल्जिम सुरेश सेवदा, महेन्द्र स्वामी व जाबिद को गिरफ्तार किया। बदमाशों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त दो मोटर साईकिल जप्त की। बदमाशों ने पूछताछ के बाद मादक पदार्थ सप्लाई के बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी दी जिसको लेकर पुलिस जल्द और कार्रवाई करेगी। उच्चाधिकारियो के निर्देशन व पर्यवेक्षण में लोसल थाना पुलिस ने सम्पूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया।

## जरूरतमंद परिवार को पानी की टंकी भेंट




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज की ओर से वीर डॉ एस के भार्गव के सौजन्य से एक जरूरतमंद परिवार को पानी की टंकी भेंट की गई। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ एस एन शुक्ला, डॉ उम्मेद सिंह शेखावत, डॉ नरेंद्र सिंह नरूका, डॉ एस के भार्गव, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मुंड, जॉन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, सुमेरसिंह कर्णावत, सुभाष चंद्र जोशी, अकराज कुरेशी, जयप्रकाश शर्मा, शिव प्रसाद महर्षि, डॉ अनिल अग्रवाल, अशोक कुमार शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, सीताराम सैनी आदि उपस्थित रहे।

## उमस व गर्मी से लोग परेशान

**अजीतगढ़(निस)।** कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में पिछले दो-तीन दिनों से बरसात नहीं होने के कारण लोग इस समय भारी उमस व गर्मी से परेशान हो रहे हैं। क्षेत्र में दो-तीन दिनों से बरसात नहीं होने के कारण इस समय तेज को धूप वह गर्मी समेत उमस का भारी प्रकोप हो रहा है इसके कारण लोग परेशान है। भीषण गर्मी व उमस के कारण अजीतगढ़ के सरकारी अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ लगी रहती है।

### मुख्यमंत्री रास्ता खोलो अभियान ग्रामीणों के लिए बन रहा वरदान

# भारू में 40 साल पुराना बंद रास्ता खुला तो ग्रामीणों को मिली राहत

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा तहसील के राजस्व ग्राम भारू में 40 साल बाद बंद रास्ता खुला तो लोगों ने राहत की सांस ली। यह 'रास्ता खोलो अभियान' के तहत संभव हुआ। मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर के निर्देशन में और नायब तहसीलदार मुकेश सिहाग की अध्यक्षता में राजस्व व पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। यहां करीब 1 किलोमीटर लंबा रास्ता 40 साल से बंद था। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में बंद रास्ते खोलकर आमजन की आवाजाही को सुगम बनाना है। नायब तहसीलदार मुकेश सिहाग ने मौके पर टीम का नेतृत्व किया। इस दौरान राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### मंडावा में 'रास्ता खोलो अभियान' के तहत मिली राहत

अभियान में शामिल टीम में एएसआई मुलायम सिंह मय पुलिस जाब्ता, गिरदावर किशनलाल जांगिड़, पटवारी चीना देवी, पटवारी धर्मेंद्र मीणा, रफीक और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर बंद रास्ते का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे खुलवाया।

### दशकों पुरानी समस्या का समाधान

भारू गांव में यह रास्ता पिछले तीन से चार दशकों से बंद पड़ा था, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अक्सर किसानों और स्थानीय लोगों को अपने खेतों तक पहुंचने या एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। इस रास्ते के खुलने से अब ग्रामीणों का समय और श्रम दोनों बचेंगे।

### 40 साल पुराना बंद रास्ता खुला

जमीन विवाद और अतिक्रमण के कारण बंद हैं रास्ते नायब तहसीलदार मुकेश कुमार ने बताया- 'रास्ता खोलो अभियान' राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवादों और अतिक्रमण के कारण बंद पड़े रास्तों को खोलना है। ऐसे रास्ते अक्सर ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा होते हैं, और इनके बंद होने से दैनिक जीवन पर असर पड़ता है। मंडावा में यह सफल अभियान दर्शाता है कि प्रशासन ऐसे मुद्दों को गंभीरता से ले रहा है और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## डीवाईएफआई जिला कमेटी की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निस)।** बी टी रणधीवे अध्ययन केंद्र शिक्षक भवन में डीवाईएफआई की जिला कमेटी झुंझुनू की बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला उपाध्यक्ष हेमलता शर्मा की अध्यक्षता में हुई। सदस्यता संगठन निर्माण व स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। जिला महासचिव योगेश कटारिया ने बताया कि आम जनता को लूटने और कार्पोरेट कम्पनियों को फायदा पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार की ओर से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और बिजली के निजीकरण की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार की ओर से लागू की जा रही नव उदारवादी आर्थिक नीतियों के तहत बिजली का निजीकरण करने का लक्ष्य है, इसके लिए सरकार बिजली विधेयक 2020 लेकर आई थी जिसका देश के किसानों ने ऐतिहासिक किसान आंदोलन के तहत विरोध किया था। केंद्र सरकार ने आंदोलन के समझौते में इस कानून को वापस लेने का वादा किया था। परंतु अब धीरे-धीरे केन्द्र सरकार की ओर से उसे आगे बढ़ाया जा रहा है और जनता को पूरी जानकारी दिए बिना ही गुपचुप निजी कम्पनियों की ओर से बिना अनुमति के सभी बिजली उपभोक्ताओं घरों में स्मार्ट मीटर लगा कर आम जनता को लूटने और बिजली से वंचित करने की साजिश की जा रही है। जिला कोषाध्यक्ष रामचंद्र टोडरवास ने कहा नौजवान सभा को मजबूत करने के लिए जिला कमेटी की ओर से आगामी एक महीने तक जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और वार्ड और ग्राम कमेटियों का निर्माण किया जाएगा। बैठक में स्मार्ट मीटर के विरुद्ध आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा तय की गई और 26 जुलाई को इन तमाम मुद्दों को लेकर एक राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस कन्वेंशन में इन मुद्दों को लेकर आंदोलन की पूरी योजना बनाई जाएगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अजित पूनिया, रामचंद्र टोडरवास, हेमलता शर्मा, कृष्ण सैनी, सिकंदर पहाडियान, राहुल सैनी, साहिल कनकड़ेउ, साबिर भाटी, शाहिद चैनपूरा, आशीष पचार, आशु चौधरी, अनीश धायल, प्रिया चौधरी, सोहेल बहलिवान, नेहा टेलर, अरुण, छोटू आदि उपस्थित रहे।

## नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** शहीद सोहन लाल यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झाड़ली में शुक्रवार को नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरज्ञान चन्द यादव ने बताया कि नशा व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देता है। यह धीरे-धीरे शुरू होता है और कब लत बन जाए, पता नहीं चलता। इससे शरीर कमजोर होता है, बीमारियां बढ़ती हैं।आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान होता है। इज्जत खराब होती है। देश की प्रगति में भी रुकावट आती है क्योंकि युवा ही देश का भविष्य हैं। विद्यार्थियों व शिक्षकों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। व्यावसायिक कंप्यूटर शिक्षक कालूराम सैनी व बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक कुलदीप गोठवाल ने कंप्यूटर लैब में प्रोजेक्टर के जरिए नशे के दुष्परिणामों पर आधारित फिल्म दिखाई। इसके बाद 'कुंभकरण शो' दिखाया गया। इसमें बताया गया कि जैसे कुंभकरण अज्ञान की नींद में सोया रहता है,वैसे ही आज का युवा नशे के दुष्परिणाम जानकर भी जाग नहीं रहा। अब समय है कि हम जागे और नशे से दूर रहें। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी स्टाफ साथी उपस्थित उपस्थित रहे।

## दिवराला से अणतपुरा तक सड़क क्षतिग्रस्त, वाहन चालक परेशान

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम दिवराला से लेकर अणतपुरा तक की सड़क मार्ग का नामोनिशान मिट चुका है। गहरे खड्डे वाहन चालकों को जख्म दे रहे हैं। वाहन रेंग रेंग कर चल रहे हैं। बरसात के दिनों में तो अणतपुरा का संपर्क अन्य गांवो से टूट जाता है उनको फिर 5 किलोमीटर दूर जाकर आसपुरा होते हुए जाना पड़ता है लेकिन यह सड़क भी काफी रूप से क्षतिग्रस्त है लेकिन फिर भी सार्वजनिक निर्माण विभाग व चुने हुए जनप्रतिनिधि कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, इसके कारण लोगों में आक्रोश है। करीब 10 साल पहले दिवराला के बालाजी बस स्टैंड से लेकर अणतपुरा तक सार्वजनिक निर्माण विभाग ने इस सड़क मार्ग का निर्माण करवाया था लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि जब से बनी तब से लेकर आज तक कांग्रेस का राज हो या बीजेपी का किसी ने भी इस सड़क मार्ग की मरम्मत नहीं कराई। इसके चलते इस सड़क मार्ग की हालत दयनीय है। कई जगह से तो इस सड़क मार्ग का नामोनिशान मिट चुका है साथ ही जगह-जगह लंबे व चौड़े खड्डे पड़े हुए हैं, बरसात के दिनों में इन गड्ढों में बरसात का पानी भर जाता है। लोगों ने सार्वजनिक निर्माण मंत्री, स्वायत शासन मंत्री व स्थानीय विधायक समेत सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इस सड़क मार्ग की दशा सुधार कर इसका नवीनीकरण कराया जाए ताकि लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विशाल



चौधरी का कहना है कि इस सड़क मार्ग का पेच वर्क भी नहीं करा सकते क्योंकि यह सड़क मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस सड़क मार्ग का नए स्तर पर नवीनीकरण कराने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज रखा है, नवीनीकरण की स्वीकृति आते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## थानों में जब्त वाहनों की होगी नीलामी

**झुंझुनू(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से धारा 38 पुलिस एक्ट में पुलिस थाना कोतवाली 1 कार वाहन, पुलिस पचेरी कलां में 14 दूपहिया वाहन जब्त किए गए है। वारिसान की काफी तलाश किए जाने के उपरांत भी इसका अभी तक कोई भी अदावाकृत नहीं आया है। उक्त संदिग्ध अदावाकृत सम्पति के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो अथवा कोई वारिस मालिक हो तो एक माह के अंदर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय या संबंधित थाने पर उपस्थित होकर अपना हक व सबूत प्रस्तुत करें। यदि उक्त अवधि में कोई अपना हक साबित नहीं करेगा तो नियत अवधि समाप्त होने के उपरान्त इन वाहनों के संबंध में किसी तरह की आपति अथवा एतराज पर विचार नहीं किया जाएगा और नियमानुसार इन वाहनों की नीलामी कर राशि राजकोष में जमा करा दी जाएगी। वाहन की सूची वाहन समन्वय सॉफटवेयर व जीपनेट व संबंधित थाने पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोतवाली में मारूति कार नम्बर आरजे 13 सी 4621, पचेरी कलां में मोटरसाईकिल आरजे 2 एसएच 1288, डीएल 4 एसए 0901, एचआर 35 एच 527, आरजे 18 एम 7526, डीएल 7 एसआर1179, आरजे 18 आईएम 2184 सहित 8 बिना नम्बर की जब्त है।

## शनि शिंगणापुर में मनाया जन्मोत्सव

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनू(निस)।** वार्ड नंबर 54 में स्थित सेठ मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम के पास, इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में स्थित शनि शिंगणापुर मंदिर में शनि महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। शनि जन्म महोत्सव के उपलक्ष में सुबह से ही भक्तों का आवागमन शुरू हो गया। सर्वप्रथम भगवान शनि महाराज का तिलकोत्सव हुआ और यज्ञ किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने आहुति दी। रात्रि के समय विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें अहीरों की ढाणी स्थित आश्रम के अभय नाथ महाराज ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। विशाल संख्या में भक्त उपस्थित रहे और सभी ने दर्शन लाभ लिए। मंदिर के पुजारी संजय कुमार व सोनू पुजारी ने आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया एवं सभी का आभार जताया। इस अवसर पर पार्षद व इच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर के पुजारी चंद्र प्रकाश शुक्ला, रामकरण सैनी, बिहारी लाल सैनी, बंटी सैनी, राम अवतार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र लालपुरिया सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों का कैरियर मार्गदर्शन पर क्षमता संवर्धन की कार्यशाला

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निस)।** नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को विद्यालय स्तर तक प्रभावी रूप से लागू करने और विद्यार्थियों के समग्र विकास में शिक्षकों की भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन आधारित क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की प्रभारी मोना वर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। साथ ही डाइट के पेस्ट प्रभाग के छात्रध्यापकों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। साथ ही कहा कि आज का शिक्षक केवल विषय का अध्यापक नहीं बल्कि विद्यार्थियों के जीवन में दिशा देने वाला उत्प्रेरक है। हमें उन्हें सिर्फ परीक्षा की तैयारी नहीं करानी, बल्कि जीवन की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देना है। डाइट प्राचार्या सुमित्रा झाझडिया ने सभी संभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को नवाचारों के प्रति संवेदनशील बनाती हैं और उन्हें अपने विद्यालयों में लागू करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने डाइट रिसोर्स सेंटर की परिकल्पना को साझा करते हुए कहा कि यह केंद्र शिक्षकों, विद्यार्थियों और समुदाय को जोडने वाली एक महत्तवपूर्ण शैक्षिक पहल है, जिसे नई शिक्षा नीति के धरातलीकरण के लिए सुदृढ़ रूप में विकसित किया जा रहा है। पेस्ट प्रभागाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को करियर मार्गदर्शन, जीवन कौशल, सामाजिक-भावनात्मक व नैतिक शिक्षण और परियोजना आधारित शिक्षण की विधाओं से परिचित कराया गया। प्रशिक्षकों ने यह स्पष्ट किया कि कक्षा 6 से ही विद्यार्थियों में व्यावसायिक समझ, निर्णय लेने की क्षमता और रुचि आधारित विषय चयन की प्रवृत्ति विकसित करना आवश्यक है, जिससे वे भविष्य को लेकर आत्मविश्वासी बन सकें। डब्ल्यूई प्रभागध्यक्ष अजय प्रेमी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान डायल फ्यूचर कार्यक्रम, करियर वर्कबुक, जॉब कार्ड और करियर बुकलेट जैसे नवाचारों के माध्यम से शिक्षकों को बताया गया कि वे स्थानीय परिवेश को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को संभावित करियर विकल्पों की जानकारी किस प्रकार दे सकते हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि कैसे अनुभव आधारित सीखने के माध्यम से विद्यार्थी नेतृत्व, संवाद, योजना निर्माण और आत्मनिर्भरता जैसे कौशलों का विकास कर सकते हैं। कार्यशाला के समापन पर डाइट प्राचार्या के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में किचन गार्डन व मेरा सोलर गांव नामक परियोजनाओं का जिला स्तरीय विमोचन किया गया जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में स्थानीय संदर्भ में वैश्विक कौशलों को उजागर करने का प्रयास किया जा सके साथ ही साथ उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गणितीय साक्षरता व भाषा के ज्ञान को सीखने के अवसर अनुभवात्मक ढंग से प्रदान किए जा सके। कार्यशाला के समापन समारोह में गजेन्द्र कुमार, शिल्पा, संगीता झाझडिया, आरपी सुरेन्द्र यादव एवं पिरामल फाउंडेशन से अशगाल, शेरसिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## उदासर बिदावतान के आंगनबाड़ी केंद्र पर पौधारोपण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड के गांव उदासर बिदावतान में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पर पौधारोपण किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में राउमावि उदासर के स्टाफ, छात्र और अभिभावकों ने भाग लिया। सीडीपीओ सरोज के नेतृत्व में यह पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि गांव की श्मशान भूमि, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर पौधारोपण करने का आह्वान किया। साथ ही पौधों की देखभाल के लिए ग्रामीणों और युवाओं को प्रेरित भी किया। इस अवसर पर सीडीपीओ सरोज, महिला पर्यवेक्षक प्रेम सारण, एएनएम इंद्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या, आशा सहयोगिनी विमला और सहायक संतोष आदि मौजूद रहे।

## पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव आबसर में राष्ट्रीय जाट महासभा, राजस्थान की प्रदेश इकाई की ओर से महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लोकपाल सिंह का जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा रहे। अध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक ने कहा कि हम पेड़ -पौधे लगा कर पर्यावरण व प्रकृति का संरक्षण करें। गांव आबसर की बाबा रामदेव गौशाला में यह आयोजन सर्वसमाज के सान्निध्य में किया गया। आयोजन से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लोकपाल सिंह का परिचय प्रस्तुत किया गया। गौशाला परिसर में ग्यारह छायादार पेड़ लगाए और गायों को गुड़ खिलाया गया। साथ ही गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों का महासभा की ओर से सम्मान किया गया। इस अवसर पर गौशाला सचिव छगन किलका, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि केशवदास स्वामी, सीताराम स्वामी, अशोक कीलका, भंवरदास स्वामी, पंकज स्वामी, राजू बंजारा, प्रताप सिंह बंजारा, अमर सिंह बंजारा, भगवान किलका, भागीरथ सुथार आदि उपस्थित रहे। बाबा रामदेव गौशाला की ओर से भी अतिथियों का स्वागत किया गया। संचालन ईश्वर सुथार ने किया।

## मंत्री हीरालाल नागर ने डूंगर बालाजी के दर्शन कर की पूजा अर्चना



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ग्राम पंचायत गोपालपुरा की ओर से किए सशक्त प्रयासों से यहां के पहाड़, हरियाली व गांव की स्वच्छता काफी बढ़ गई है। डूंगर बालाजी मंदिर में ऊर्जा मंत्री स्वतंत्र प्रभार हीरालाल नागर ने सपत्नीक पूजा अर्चना की। सरपंच सविता राठी ने बताया कि ऊर्जा की दृष्टि से गोपालपुरा आदर्श गांव है, जिसमें बिजली की चोरी न के बराबर है। सरपंच के आग्रह पर हरितिमा ढाणी में मंत्री नागर ने पौधरोपण भी किया। जहां महिलाओं ने तिलक लगाकर पारंपरिक गीत गाकर मंत्री का स्वागत किया। दीपचंद गिलड़ा और तिलोकाराम ने गांव की भौगोलिक स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि एक तरफ पथरीली जमीन तथा दूसरी तरफ सूरवास में नमक की जमीन है। मंत्री की पत्नी अरुणा नागर भी गोपालपुरा की हरियाली देखकर प्रभावित हुई।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** साण्डवा में बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा रात करीब साढ़े 1 बजे हुआ, जब एक कार और बस में आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में तेहनदेसर के पूर्व सरपंच भीयाराम मेघवाल और उनके साथी रूपाराम मेघवाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मृतकों के शव साण्डवा अस्पताल में रखे गए हैं। शुक्रवार को दिन में दोनों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। सांडवा पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।



# न्यायिक कर्मचारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी



## रैली निकालकर जताया विरोध

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** कस्बे में न्यायिक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार सात दिन से जारी है। शुक्रवार को कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में इन्द्रमणि पार्क से कोर्ट परिसर तक रैली निकाली। न्यायिक कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष राजकुमार स्वामी ने बताया कि यह विरोध राज्य सरकार की ओर से पिछले दो साल से लंबित अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारियों के कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मानेगी, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के कारण न्यायालयों में कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है। फरियादियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस थानों में दर्ज प्रकरणों में केवल तारीखें मिल रही हैं। स्वामी ने बताया कि सरकार अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है। न्यायिक कर्मचारी अपनी वाजिब मांगों के लिए आंदोलन कर रहे हैं। राज्य सरकार ने दो साल बीत जाने के बावजूद इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया है। कर्मचारी 18 जुलाई से अनिश्चितकालीन अवकाश पर हैं और धरना प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प लिया है। शुक्रवार को निकाली गई रैली के माध्यम से उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया है। अगर मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर एसएफआई का प्रदर्शन

### उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंककर सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर स्टूडेन्ट्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया का विरोध प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में एसएफआई कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसएफआई कार्यकर्ता संदीप ने बताया कि छात्र संघ चुनाव से राजनीति की शुरुआत होती है। सरकार की ओर से इन्हें नहीं करवाए जाने के विरोध में प्रदेश भर में छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार बनाने से पहले भाजपा ने छात्रसंघ चुनाव बहाल करने का वादा किया था। लेकिन अब सरकार चुनाव कराना नहीं चाहती।



एसएफआई कार्यकर्ताओं ने छात्र हितों को देखते हुए प्रदेश भर में छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। विरोध प्रदर्शन में भरतराज बरोड़, ओमप्रकाश, अनिल बरोड़, धनराज, नरेन्द्र, रविन्द्र सिंह, आशू, रविन्द्र सारण और तेजपाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ ने मनाया तीज महोत्सव

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ ने हरियाली अमावस्या के अवसर पर तीज महोत्सव का आयोजन पर्यटक स्थल शांति कुटीर रामनगर बास में किया। सावन की घटाओं के बीच मनमोहक वातावरण में विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण मंजू दाधीच, प्रभा पारीक, गायत्री भोजक, उमा भोजक, प्रेमलता सारस्वत, अंजना भोजक, कोमल दाधीच, मधु मिश्रा, जय श्री पारीक, भंवरी देवी मिश्र, प्रियंका जोशी, मोनिका खंडेलवाल, भावना शर्मा, आंचल भारती, आराधना मिश्र के साथ मातृशक्ति व वहां उपस्थित पर्यटकों ने राधा-कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। तीज महोत्सव में महिलाओं के लिए चम्मच दौड़, म्युजिकल, कुर्सी दौड़, झूला, गायन, भजन व नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रेखा भोजक, राधा सारस्वत, दीपिका शर्मा, कनक भोजक, सायर देवी, सुनीता, नीता और लीला भोजक ने इन प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहयोग किया। विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मंजू दाधीच ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से समाज में समरसता व मेलजोल बढता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने परिवार और सहेलियों के साथ मिलकर त्यौहार का आनंद लिया। सरला लखोटिया, सोना, मनीष, विद्या गौड़और सीता आदि ने भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी ने एक दूसरे को हरियाली अमावस्या और तीज की शुभकामनाएं दी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रभा पारीक ने शानदार सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सरीता व ममता पारीक ने किया।



## सोशल मीडिया पर डमी हथियारों के साथ फोटो अपलोड कर दहशत फैलाने वाले तीन युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** जिले में सोशल मीडिया के माध्यम से डमी हथियारों के साथ फोटो वायरल कर आमजन में भय और दहशत फैलाने वाले तीन युवकों को भानीपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल व वृताधिकारी सरदारशहर सत्यनारायण गोदारा के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी अपनी इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी पर हथियारों के साथ फोटो डालकर लोगों में डर का माहौल बना रहे थे। इस पर रायसिंह थानाधिकारी पुलिस थाना भानीपुरा ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए मेगा हाईवे मालसर फांटा के पास से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रुपेन्द्र उर्फ रवि नेहरा पुत्र दाताराम जाट, उम्र 23 वर्ष, निवासी बलाल थाना भालेरी हाल सरदारशहर, शंकरलाल पुत्र दाताराम जाट उम्र 25 वर्ष निवासी बलाल थाना भालेरी हाल सरदारशहर, विशाल पुत्र संजय कुमार वाल्मिकी उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड 38 सरदारशहर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी इलाके में लोगों को डराने-धमकाने में सक्रिय थे और उनके खिलाफ लोग शिकायत करने से भी कतराते थे।




## डॉ. कालानी से सरकारी आवास खाली करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित मौसूण ने प्रदेश के चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर पूर्व पीएमओ डॉ. सुरेश कालानी से सरकारी आवास खाली करवाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि डॉ. सुरेश कालानी को नागौर जिले में सरकार ने पद स्थापित कर दिया है। उसके बावजूद भी बिमारी का झूठा बहाना बनाकर सरकारी आवास पर उपरोक्त चिकित्सक कब्जा किए हुए बैठा है। जबकि मेडिकल पर होने का बहाना बनाकर ड्यूटी जोईन नहीं की जा रही है। दूसरी ओर सुजानगढ़ के बगड़िया अस्पताल स्थित सरकारी आवास पर डॉ. कालानी की ओर से अवैध रूप से मरीजों को डायग्नोस करके उपचार लिखा जा रहा है। पत्र में जुलाई माह में डॉ. सुरेश कालानी द्वारा मरीजों को देखे जाने सम्बंधित पर्चियां भी संलग्न की गई है। ताकि चिकित्सा मंत्री को पता चल सके कि चिकित्सक झूठा बहाना बनाकर मेडिकल लेकर सरकारी आवास पर कब्जा बनाया हुआ है। जबकि 6 माह से ज्यादा का समय यहां से कार्यमुक्त किए हो गए।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े कल झुंझुनूं आएंगे

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े रविवार को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनू आएंगे। जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि राज्यपाल झुंझुनू में बृज स्मृति प्रन्यास की ओर से स्काउट्स व गाइड्स मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे सुबह पौने ग्यारह बजे झुंझुनू हवाई पट्टी पर हैलीकॉप्टर की ओर से पहुंचेंगे। यहां से राज्यपाल 11 बजे बृज स्मृति प्रन्यास के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद 12.05 बजे वे जयपुर के लिए वापस रवाना होंगे।

## वैकल्पिक डंपिंग यार्ड उपलब्ध करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सभापति निलोफर गौरी ने उपखंड अधिकारी से मुलाकात कर डंपिंग यार्ड के लिए अस्थायी तौर पर वैकल्पिक जगह उपलब्ध करवाने की मांग की है। सभापति ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को बताया कि वर्तमान में डंपिंग यार्ड ठरड़ा रोड़ पर स्थित है, जहां पर हाल ही में हुई अत्यधिक बारिश के चलते रास्ते में गीला कचरा हो जाने से ट्रेक्टर, टैम्पो आदि वाहन अंदर पहुंचने से पहले ही धंस रहे हैं। इसलिए आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक बार अस्थायी रूप से नजदीकी डंपिंग यार्ड में वैकल्पिक व्यवस्था दी जाए। इस दौरान सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार, इरशाद गौरी आदि मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी ने समुचित समाधान का आश्वासन दिया।

## तीज महोत्सव में महिला कार्मिकों ने भाग लिया



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से शुक्रवार को जेबी शाह महाविद्यालय में तीज महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसमें जिले की महिला अधिकारियों व कार्मिकों ने भाग लिया। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि कार्यक्रम में एटीओ प्रेरणा कालेर व प्रियंका लांबा, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझड़िया, एनवाईसी मधु यादव, निकिता, रविता, प्रीति मीणा, मंजू मील, अंजू कस्वां, कल्पना, बबीता बेरवाल, कॉलेज प्राचार्य योगिता, महिला अधिकारिता विभाग से पूजा कस्वां, सरिता, ममता, रेनू सैनी, स्वाती, सुशीला, टीना, प्रतिभा, प्रियंका सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता, फैशन शो, रैंप वॉक, झूले, खाना सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। मंच संचालन उषा कुलहरी ने किया।

## एसबीडी राजकीय महाविद्यालय से एक साथ तीन विद्यार्थियों का नेट में चयन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय के लिए यह गौरव का पल है कि महाविद्यालय से एमए स्नातकोत्तर उतरार्द्ध हिन्दी व लोक प्रशासन विषय में अध्ययनरत तीन विद्यार्थियों का नेट परीक्षा जून 2025 में चयन हुआ है। प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने विद्यार्थियों का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि छात्रा आनन्दी खाती व अनिता प्रजापत ने हिन्दी विषय में और छात्र राजेन्द्र ने लोक प्रशासन विषय में यह परीक्षा उतीर्ण की है। हिन्दी विभागाध्यक्ष कमलेश कुमार जोशी ने बताया कि इस बार हिन्दी विभाग में चार छात्राओं ने लघुशोध किया और साथ ही दो विद्यार्थियों ने नेट परीक्षा उतीर्ण की जो भविष्य में अन्य विधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत और पथ प्रदर्शन का काम करेगी। हिन्दी विभाग के डॉ देवीलाल रोझ व सुभाष चन्द दहिया ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ संकाय सदस्य शेरसिंह ने इसे अध्यापकों व विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम बताया। नेट उतीर्ण विद्यार्थियों ने इसका श्रेय महाविद्यालय के प्राचार्य व संकाय सदस्यों के निरन्तर मार्गदर्शन व परिश्रम को दिया। वर्तमान में उनका लक्ष्य उच्च शिक्षा में अपना कैरियर बनाना है। इस अवसर पर डॉ सुनिता मीणा, गुर्जर लता, सुमन आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## रुद्राभिषेक कर भोलेनाथ को रिझाया

जयपुर टाइम्स

**चूरु(निस)।** रेलवे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार को महिला मंडल की और से सावन मास के महिने में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया मंदिर के कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में जसवंत सिंह राठौड़ ने पत्नी सुमन कंवर व अरविंद कुमार दर्जी ने पत्नी कृष्णा देवी के साथ पूजा अर्चना की। पंडितों ने मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाई। रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि रुद्राभिषेक करने से भोले प्रसन्न होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस अवसर पर शिवलिंग का भव्य श्रृंगार किया गया और महाआरती की गई। इस अवसर पर महिला मंडल की शशि शर्मा, सुषमा शर्मा, रजनी शर्मा, सुनीता शर्मा, तीजा देवी, स्वर्ण कुमारी, मैना कंवर, नीलम जैन, आरती, अनिता भार्गव, अनीता मेड़तिया, प्रियंका सोनी, कोमल सांखला, माधुरी, प्रतिभा सोनी, प्रेम भार्गव, राजकुमार भाटी, मंजू शर्मा, हनुमान मंदिर विकास समिति के संतलाल बरोड़, राजीव, रूक्मानंद बरोड़, हरिकृष्ण रवि, मोहन सिंह, नंदकिशोर, विक्रम सिंह सांखला, परमानंद, मुकेश मीना, महेश, श्रवण कुमार सैनी, अनिल भार्गव, राजेश गौतम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
26 जुलाई, 2025

## किसानों ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

# गरजे अमराराम: मास्टर प्लान से किसानों व शहरवासियों को उजाड़ने नहीं देंगे

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** शहर के मास्टर प्लान 2041 के खिलाफ शहर और ग्रामवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के आह्वान पर शुक्रवार को सीकर में किशन सिंह ढ़ाका स्मृति भवन से आक्रोशित लोगों ने मास्टर प्लान-2041 रद्द करो, जमीन हमारी, लूट तुम्हारी नहीं चलेगी, जैसे नारे लगाते हुए चिलचिलाती धूप में कल्याण सर्किल, तापड़िया बगीची होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुँचे। जनविरोधी भजनलाल सरकार के खिलाफ भारी नारेबाजी के बीच सांसद अमराराम, किशन पारीक, पेमाराम, कुड़ली सरपंच प्रभु ओला व शिवसिंहपुरा सरपंच महावीर सैनी ने मास्टर प्लान-2041 की प्रतियाँ जलाकर सरकार को चेतावनी दी। हरिसिंह गढ़वाल, महावीर सरपंच, संतोष पारीक, गिरधारी सांई व राज डोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए सांसद अमराराम ने कहा कि जमीने हमें उपहार में नहीं मिली हैं, इसके लिए हमारे पूर्वजों ने अपना खून बहाया है, पाँच किसानो ने लगान विरोधी आन्दोलन के दौरान अपने सीनों पर गोली खाई और शहीद हुए। राजस्थान की भारतीय जनता पार्टी की सरकार सीकर के मास्टर प्लान-2041 के बहाने सीकर के चारों तरफ बसे 50 गाँवों के किसानों की जमीने छिन-लेने के साथ-साथ सीकर शहर के गरीब परिवारों, जिन्होंने बड़ी मेहनत से अपना घर बनाया है, उनको उजाड़ना चाहती है, लेकिन सरकार कान खोलकर सुन लें, हम ऐसा नहीं होंने देंगे, सरकार शेखावाटी की जनता के संघर्षों का इतिहास जान ले। अमराराम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी पूर्वज जनसंघ देश के किसानों की जन्मजात शत्रु है। सन् 2014 में केन्द्र में मोदी सरकार बनने के बाद भूमि अधिग्रहण कानून लाकर किसानों की जमीनें छिनने का प्रयास किया। फिर कृषि को बर्बाद करने के लिए तीन काले कानून लेकर आए। देश के सभी किसान संगठनों ने मिलकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले तेरह महीनों तक दिल्ली बॉर्डर पर घेरा डालकर मोदी सरकार को तीनों काले कानून वापिस लेने पर मजबूर किया। इस ऐतिहासिक किसान आन्दोलन ने किसान के संघर्षों को बुलंदी पर पहुंचाया, जिसकी गूँज लोकसभा के चुनावों में सुनाई दी। आन्दोलन के प्रतीक ट्रैक्टर पर बैठकर किसानों का प्रतिनिधि जीतकर संसद में गया।




अमराराम ने कहा कि जब मैं विद्यार्थी था, सीकर में एक कॉलेज था, आज अलग-अलग क्षेत्र में पाँच सरकारी कॉलेज है, शेखावाटी विश्वविद्यालय है, मेडिकल कॉलेज बन रहा है, मिनी सचिवालय बन रहा है, शहर के बाहर से होकर 2-2 बाईपास निकल रहे हैं, इतना सारा विकास मास्टर प्लान के बिना, बगैर किसी को उजाड़े हो सकता है तो अब भाजपा सरकार मास्टर प्लान 2041 को लागू कर कौनसा विकास करना चाहती है। सरकार की असली मंशा आम लोगों की जमीनें सुविधा क्षेत्र के नाम पर छिन लेना है। सी.पी.आई.(एम.) प्रदेश सचिव किशन पारीक ने कहा कि मास्टर प्लान भौतिक सत्यापन किए बिना वास्तविकता से कोसों दूर है। सैकड़ों साल से मकान बनाकर रह रहे घनी आबादी क्षेत्र को सुविधा क्षेत्र घोषित कर दिया हैं, वहीं दूसरी और रसूखदारों व भूमाफियों और प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों के फार्महाउसों व खाली पड़ी जमीनों को आवासीय कॉलोनी घोषित कर दिया गया है। मास्टर प्लान की ऐसी कलाबाजियाँ प्रमुख अखबारों में छप चुकी है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यह लाल झंडा है और कॉमरेड अमराराम के नेतृत्व में आज तक सभी आन्दोलनों में जीत मिली है और सरकारों को झुककर जनविरोधी निर्णयों को वापिस लेना पड़ा है। माकपा जिला सचिव पूर्व विधायक पेमाराम ने कहा कि मास्टर प्लान से सीकर के हजारों परिवार चिंतित है। सरकार के मंत्री कह रहे हैं कि ये तो कांग्रेस का बनाया हुआ है, इस पर चुटकी लेते हुए पेमाराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सीकर को संभाग व नीमकाथाना को जिला का दर्जा दिया था, संभाग स्तरीय विभाग खुल गए, लेकिन भजनलाल की पर्ची सरकार ने इनका दर्जा समाप्त कर दिया। शेखावाटी क्षेत्र में विधानसभा चुनावों के बाद लोकसभा चुनावों में बीजेपी को मुँह की खानी पड़ी, इण्डिया गठबन्धन से कॉमरेड अमराराम सांसद विजयी हुए अब सरकार बदले की कार्यवाही कर रही है। मास्टर प्लान के खिलाफ आम लोगों के गुस्सें का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि केवल थोड़े से समय में ही 4537 लोग इस पर सरकार को लिखित में आपत्ति में दर्ज करा चुके हैं, मास्टर प्लान को किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा। सभा को किसान सभा के सागर खाचरिया, सीटू के बृजसुन्दर जांगिड़, खेत मजदूर यूनियन के रामरतन बगड़िया, एस.एफ.आई. के सुभाष जाखड़ सहित अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया। पेमाराम के नेतृत्व में प्रभू ओला सरपंच, राजेन्द्र डोरवाल, सागर खाचरिया व झाबरमल रॉयल एडवोकेट के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में लिखा है कि इस मास्टर प्लान को तुरंत रद्द करो आपत्तियों की समय-सीमा बढ़ाओ और भौतिक सत्यापन करो 50 से ज्यादा गांवों की जमीन पर कब्जा करने का ये खेल हम किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे ये जमीन हमारी मां है, हमारी मेहनत का फल।

## शेखावाटी विश्वविद्यालय में शुरू होगी 'वृद्ध वरदान योजना'



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर बुजुर्ग नागरिकों के सहयोग के लिए एक अभिनव पहल "वृद्ध वरदान योजना" शुरू कर रहा है। यह योजना विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले जिलों में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को सहायता प्रदान करेगी। साथ ही, इसमें भाग लेने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को 2 अकादमिक क्रेडिट प्रदान किए जाएंगे। शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि योजना का उद्देश्य बुजुर्गों को सहयोग देने के साथ-साथ विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना है। इस योजना को शुरू करने के संबंध में हाल ही एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। कुलगुरु प्रोफेसर राय ने बताया कि वृद्ध वरदान योजना एक ओर जहां बुजुर्गों के लिए सहारा बनेगी, वहीं छात्रों को मानवीय मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की सीख देगी। यह पहल समाज में पीढ़ियों के बीच सेतु निर्माण का कार्य करेगी और युवाओं को संवेदनशील नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगी।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सीकर(एम.सादिक)।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की सीकर जिला कार्यकारणी की ओर से नवगठित कार्यकारणी की ओर से सीकर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ का धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया। सीकर जिला कार्यालय में आयोजित समारोह में ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी व जिला मंत्री नितेश पारमुवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीकर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ का पुष्पगुच्छ भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, जिला मंत्री नितेश पारमुवाल, हीरालाल कुमावत जितेंद्र जांगिड़, सुरेश कुमावत, जानकीलाल मारवाल, सुगनचंद ठेकेदार, सांवरमल बेडवाल, रामस्वरूप, दौलत राम, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री नागर ने किए खाटूश्यामजी के दर्शन

जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(निस)।** सीकर जिले के विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम की नगरी खाटू श्याम जी में शुक्रवार को ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री हीरालाल नागर दर्शन के लिए पहुंचे और बाबा के शीश नवाकर प्रदेश की खुशहाली की की कामना की। मंदिर पुजारियो ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई और श्याम दुपट्टा ओढाकर स्वागत किया। मीडिया से रूबरू होते हुए मंत्री ने बताया कि स्मार्ट मीटर नई तकनीकी के मीटर है जिससे



उपभोक्ता को फायदा होगा मीटर अधिक चलने, गलत रीडिंग जैसी गलतियों पर समस्याओं से निजात मिलेगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश को स्मार्ट बनने के लिए तकनीकी के इस समय में स्मार्ट मीटर का उपयोग आवश्यक है और विपक्ष इसका विरोध कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस के समय में 5 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाएं गए, तब इन्होंने विरोध क्यों नहीं किया। खाटूश्याम जी में रोड पर जमीन से बाहर निकली हुई केबल की समय पर कार्य पूरा नहीं होने की शिकायत पर आधिकारियो से जांच कराने की बात कही। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश रामुका और सचिन शर्मा ने श्याम बाबा की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान एसई अरुण कुमार जोशी, एक्सएईएन जोगेंद्र कुमावत कुमावत, एईएन राकेश महला, जेईएन हेमंत बाजिया, रोहिताश पटवारी, रोहित शर्मा, कांस्टेबल मनोज मीणा, विकास शर्मा, सहित विद्युत विभाग, पुलिस और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नामांकन जिले में सर्वाधिक लेकिन भवन जर्जर, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

## भवन छोटा होने से दो पारियों में चलाना पड़ रहा विद्यालय

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अशोक गहलोत राज में राजकीय महात्मा गांधी स्कूल खोले गए थे। लेकिन महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। विशेष रूप से महात्मा गांधी स्कूल अस्तित्व में आने के बाद से ही कई सारी समस्याओं का सामना इन स्कूलों को करना पड रहा हैं। चूरू जिले की बात करे तो चूरू के सबसे ज्यादा नामांकन वाले नवीन झालरिया महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सरदारशहर को एक अच्छे भवन की दरकार हैं। विद्यालय परिसर छोटा होने के चलते यहां पर पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। 2020 में यह विद्यालय महात्मा गांधी स्कूल के रूप में शुरू हुआ था। अपनी शुरुआत से ही यह विद्यायल जिले में बोर्ड परीक्षा परिणामों में अवल रहा। जिले में सबसे ज्यादा नामांकन ओर सबसे अच्छा परीक्षा परिणाम होने के बावजूद इस विद्यालय के पास अच्छा भवन नहीं हैं। विद्यालय का भवन काफी पुराना और छोटा हैं साथ ही भवन में बने कक्षा कक्ष भी छोटे है। साथ ही कक्षा कक्ष कम होने के चलते भी यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को परेशानी होती हैं।

### दो पारियों में चलता है विद्यालय

कक्षा कक्ष कम होने के कारण दो शिफ्ट में विद्यालय चलता है। ऐसे में विद्यार्थियों को काफी दिक्कत होती हैं। पहली शिफ्ट 7 से 12 जिसमे 6 से 12 वीं तक के विद्यार्थी आते हैं। वहीं दूसरी शिफ्ट 12.30 से 5.30 तक विद्यालय चलता हैं। जिसमें नर्सरी से 5 तक के छोटे बच्चे आते हैं। विशेष रूप से सर्दियों के समय में बच्चों को भारी दिक्कत होती हैं। गत वर्ष 10 बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंकों से पास होने वाली दीपिका जांगिड़ का कहना है कि यहां शिक्षक काफी मेहनत करते है। जिसकी झलक यहां के परीक्षा परिणामों से देखने को मिलती हैं। लेकिन विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता हैं। हम विद्यार्थियों की मांग हैं कि यदि विद्यालय भवन दूसरा या इसी को पुनः निर्माण कराया जाए तो बच्चों को काफी सुविधाएं होगी। भवन छोटा होने के चलते नामांकन पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा हैं।




### भवन छोटा होने से दो पारियों में चलती हैं स्कूल

सरदारशहर का नवीन झालरिया महात्मा गांधी गवर्मेंट स्कूल अपनी भवन संबंधी समस्याओं से जूझ रहा हैं। 2020 में यह विद्यायल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से महात्मा गांधी स्कूल में कन्वर्ट किया गया था। वर्तमान में इस विद्यालय में नर्सरी से 12 तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। ऐसे में इस विद्यालय का भवन काफी छोटा पड़ गया हैं। जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी हो रही हैं। 10 वी कक्षा में पढ़ने वाली वंशिका पारीक ने बताया कि विद्यायल में काफी अच्छी पढ़ाई होती हैं। लेकिन स्कूल की बिल्डिंग को लेकर परेशानी हैं। कक्षा कक्ष काफी छोटे हैं। बिल्डिंग में मरम्मत की भी आवश्यकता हैं। वहीं 12 वीं की खुशी सोनी ने बताया कि क्लास काफी छोटी होने के कारण छात्रों को काफी एडजेस्ट करना पड़ता हैं।

### विद्यालय के पास नहीं हैं अपना खेल मैदान

इस महात्मा गांधी स्कूल में शुरू से ही 400 से ज्यादा का नामांकन रहा हैं। लेकिन इसके बावजूद इस विद्यायल के पास स्वयं का खले मैदान नहीं हैं। कक्षा 6 में पढ़ने वाली दिव्या प्रजापत ने बताया कि खेल मैदान नहीं होने से हम ज्यादा खेल गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते हैं। ऐसे में कई विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप उन्हें अच्छे अवसर नहीं मिल पाते हैं। हमारा विद्यालय छोटी सी जगह में संचालित होता हैं। ऐसे में हमें खेलने किए जगह भी नहीं मिल पाती है। यहां बने बाथरूम भी जर्जर हो गए हैं। ऐसे में विद्यालय में काफी सुधार की आवश्यकता हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 2020 में यह विद्यालय महात्मा गांधी स्कूल के रूप में स्थापित हुआ था। स्थापना के वर्ष से अब तक नामांकन की दृष्टि से पूरे चूरू जिले में सबसे आगे हैं। विद्यालय का हर वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने के साथ ही हर वर्ष कई छात्र 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित करते हैं। इस वर्ष भी हमारे विद्यालय की प्रगति 98.87 अंकों के साथ जिला स्तर पर टॉप किया था। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से हमारे सामने कक्षा कक्ष का अभाव है। क्योंकि यह विद्यालय उच्च प्राथमिक स्तर का विद्यालय था। जिसे महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में कन्वर्ट किया गया था। विद्यालय में 15 कक्षा कक्ष, एक ह्रष्टज्ञ लेब, 3 साइंस की लेब और अन्य सुविधाओं के अनुपात में कक्षों की बहुत कमी हैं। कुछ कक्ष तो ऐसे है जो उपयोग में लेने लायक नहीं हैं। इस समस्या के चलते ही हमें यह विद्यालय दो पारियों में संचालित करना पड़ रहा हैं। विद्यालय का बेहतर परीक्षा परिणाम होने के चलते यहां नामांकन के लिए अभिभावकों की लाइन लगी रहती हैं। लेकिन भवन छोटा होने के चलते यहां नामांकन पर भी असर पड़ रहा हैं। क्योंकि बच्चों को बिठाने के लिए विद्यालय के पास जगह नहीं हैं। प्रदेश सरकार की मंशा है कि सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। ज्यादा से ज्यादा नामांकन सरकारी स्कूलों में बढ़ाने के लिए लगातार सरकार प्रयास भी कर रही हैं। वहीं अगर सरदारशहर का नवीन झालरिया महात्मा गांधी स्कूल के पास अच्छी इमारत हो तो निश्चित रूप से यह विद्यालय प्रदेश के महात्मा गांधी स्कूलों के लिए एक आदर्श उदाहरण बन सकता हैं।

## राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत पर होगा यूथ क्लबों का गठन



### युवाओं को लेकर सरकार की नई पहल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/सीकर(निसं.)** विकसित भारत की संकल्पना को साकार रूप देने व नवीन युवा नीति के सफल क्रिन्यान्वयन को लेकर राज्य सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत पर यूथ क्लब गठन किए जाने की अनूठी पहल की है। यूथ क्लब के माध्यम से युवाओं को राज्य सरकार योजनाओं से सीधे तौर पर जोड़ने, फिट इण्डिया की तर्ज पर फिट राजस्थान मूवमेंट को आगे बढ़ाना व युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए खेल मैदान, खेल किट की व्यवस्था किए जाने की योजना बनाई है। इसी को लेकर शासन सचिव, युवा मामले व खेल विभाग के निर्देशानुसार राजस्थान युवा बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश चंद पहाड़िया के नेतृत्व में गठित दल के द्वारा सीकर जिले की ग्राम ग्राम पंचायत मदनी, बाजौर व मलकेड़ा पंचायत ग्राम में यूथ क्लब के गठन को लेकर युवाओं में जागरूकता को लेकर दौरा किया। दौरे के दौरान तीन ग्राम पंचायतों में यूथ क्लब का गठन करते हुए राजस्थान स्टेट कॉपरेटिव एक्ट में पंजीयन करवाने जाने की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। साथ ही उन्हें यूथ क्लब की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि क्लब के माध्यम से युवाओं में व्यक्तित्व, कौशल, नेतृत्व का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।गौरतलब है कि यूथ क्लब को तकनीकी सहयोग के लिए सयुंक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूएनएफपीए ने सहयोग किए जाने के लिए कदम बढ़ाया है। इस मौके पर सयुंक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूएनएफपीए की राज्य समन्वयक निधि जैन, समन्वयक आदर्श मित्तल, लेखाधिकारी सचिन मीणा, जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा आदि मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने रेल मंत्री वैष्णव से की मुलाकात

### गरीब रथ व मैसूर एक्सप्रेस के जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से नईदिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पाली व जालौर जिले की रेलवे से संबंधित मामलों को लेकर प्रस्ताव सौंपा। इसमें जालौर से फालना के बीच नई रेल लाइन बिछाने, जवाई बांध रेलवे स्टेशन का नामकरण सुमेरपुर-जवाई बांध रेलवे स्टेशन करने, जवाई बांध पर एटीएम लगाने की मांग की। साथ ही कुमावत ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि पश्चिम राजस्थान के पाली, जालोर व सिरोही जिले के लाखों लोग गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में रोजगार कर रहे हैं। इन जिलों के लोगों का अकसर अपने प्रदेश आना-जाना लगा रहता है। इनके लिए एकमात्र परिवहन का साधन रेलगाड़ी है। इन राज्यों में जाने के लिए जोधपुर, पाली होते हुए गरीब रथ एक्सप्रेस (12215) व अजमेर मैसूर एक्सप्रेस (16209) मुख्य ट्रेनें हैं। इन दोनों ट्रेनों का ठहराव जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर नहीं होने से यात्रियों को 25 किलोमीटर दूर फालना रेलवे स्टेशन या करीब 100 किमी दूर पिंडवाड़ा या आबू रोड रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है। इससे उनका समय व धन अतिरिक्त खर्च होता है। उन्होंने बताया कि जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर और भी कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है, यदि उक्त दोनों ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित हो जाए तो आसपास के गांवों से दक्षिण भारत के राज्यों में आने-जाने में अत्यधिक लाभ होगा। इसलिए जरूरी सुमेरपुर-जवाई बांध रेलवे स्टेशन करना केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि जवाई बांध सुमेरपुर नगरपालिका के परिसीमन क्षेत्र में आता है। यह सुमेरपुर से महज 8 किमी से भी कम दूरी पर है। चूंकि सुमेरपुर एक बड़ी व्यापारिक कृषि मंडी है। इसके आसपास के 200 गांवों का केंद्र बिंदू होने के कारण इसकी पैरा फेरी में स्थित जवाई बांध राजस्व ग्राम में स्थित है। इसका नाम सुमेरपुर-जवाई बांध रेलवे स्टेशन करने से इसका सर्वागीण विकास हो सकेगा। इलाके के लोगों की भावना को ध्यान में रखते हुए इसका नाम सुमेरपुर जवाई बांध करना उचित होगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।